दैनिक
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 302 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

# 7 लाख देकर कराई बीजेपी नेता असीम राय की हत्या

## कांग्रेस नेता नपं अध्यक्ष समेत 12 आरोपी गिरफ्तार, सुपारी-शूटर फरार

**कांकेर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पखांजूर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पखांजूर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष असीम राय हत्याकांड मामले में एसआइटी को बड़ी सफ लता हाथ लगी है। इस हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआइटी ने कांग्रेस पार्षद समेत 12 आरोपितों को पकड़ा है। हालांकि इस हत्याकांड का मुख्य शूटर अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। कांकेर नगर पंचायत के अध्यक्ष बप्पा गांगुली ने अपनी कुर्सी खतरे में देख, कांग्रेसी पार्षद विकास पाल ने अपनी होटल टूटने की डर के कारण और अन्य एक आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते 7 लाख रुपए की सुपारी देकर भाजपा नेता की हत्या करवाई। शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि पंखाजूर में बीते सात जनवरी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पखांजूर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष असीम राय की गोलीमार हत्या कर दी गई थी। यह घटना पुराना बाजार इलाके में हुई थी। राज्य सरकार के निर्देश पर बस्तर आईजी सुंदरराज पी द्वारा एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी द्वारा आरोपियों की पहचान के लिए पूरे पंखाजूर शहर के सीसीटीवी कमरे का अवलोकन किया गया। इस दौरान पल्सर बाइक पर दो आरोपियों ने असीम राय का उनके कॉम्पलेक्स से घर जाने के दौरान पीछा किया और रास्ते में बाइक के पीछे बैठे आरोपी ने भाजपा नेता असीम राय पर पिस्टल से शूट किया। फिर पीवी 32 चौक से डोटोमेटा की ओर भाग निकले। पिस्टल चलाने वाले आरोपी की पहचान पीवी 82 निवासी विकास तालुकदार के रूप में हुई। मुखबिर से पता चला कि आरोपी अक्सर पीवी निवासी नीलरतन मंडल के साथ घूमता था। जिस पर नीलरतन मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर भाजपा नेता की हत्या के षड्यंत्र का खुलासा किया।

मृतक असीम राय

**इस तरह घटना को दिया अंजाम :** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भाजपा नेता की हत्या करवाने के लिए पैसे की व्यवस्था बप्पा गांगुली और पार्षद विकास पाल ने की। जितेंद्र बैरागी को भाजपा नेता की रैकी करने की जिम्मेदारी दी गई थी। साथ में आरोपी तपन मंडल और समीत मांझी के साथ मृतक के गतिविधियों की रैकी की। बप्पा मंडल और विकास पाल ने सोमेंद्र मंडल के हाथ 7 लाख रुपए भेजे। इसके बाद शॉर्प शूटर विकास तालुकदार ने गोपीदास के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के कब्जे से एक बिना नंबर वाली पल्सर, साढ़े 3 लाख रुपए कैश, एक राउंड जब्त किया गया है।

### नीलरतन ने शार्प शूटर से कराई मुलाकात

एसपी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि नीलरतन मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि पंखाजूर निवासी मंडल मेडिकल के प्रोप्राइटर सोमेंद्र मंडल उर्फ सुरजीत और पीवी 36 निवासी रीपन तीनों ने उससे मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पंखाजूर के कांग्रेस नेता बप्पा गांगुली, विकास पाल और जितेंद्र बैरागी तीनों भाजपा नेता असीम राय की हत्या करवाने चाहते हैं। जिस पर नीलरतन ने अपने मौसेरे भाई विकास तालुकदार जो पेशे से शॉर्प शूटर है और जयंत विश्वास की मुलाकात सोमेंद्र से कराई। इसके बाद नीलरतन मंडल, विकास और जयंत ने मिलकर 7 लाख रुपए में हत्या की सुपारी ली।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

- बप्पा गांगुली पिता स्व आशुतोष गांगुली (57 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 6 पंखाजूर
- विकास पाल पिता स्व विजय पाल (47 साल) निवासी पंखाजूर
- सोमेंद्र मंडल पिता स्व श्यामल मंडल (33 साल) नया बाजार पंखाजूर
- ठाकुर दास मंडल (34 साल) निवासी पीवी 125 पंखाजूर
- नीलरतन मंडल पिता 05. गोपी दास पिता स्व. गंगाधर दास उम्र 31 वर्ष निवासी पीव्ही 1217
- गोपी दास पिता स्व. गंगाधर दास 31 वर्ष निवासी पीव्ही 121
- रीपन सदियाल पिता स्व. रमेश सदियाल उम्र 42 वर्ष साकिन पीव्ही. 36 चांदीपुर।
- सुरजीत बाला पिता शिवचरण बाला उम्र 46 वर्ष साकिन पीव्ही. 36 चांदीपुर।
- समीत मांझी पिता स्व. अनिल मांझी उम्र 32 वर्ष साकिन पीव्ही. 36 चांदीपुर।
- तपन मंडल पिता निरापद मंडल उम्र 46 वर्ष साकिन पीव्ही. 36 चांदीपुर।
- जितेन्द्र बैरागी पिता दिनबंधु बैरागी उम्र 37 वर्ष साकिन पीव्ही. 28 चांदीपुर।
- जयंत विश्वास पिता जगदीश विश्वास उम्र 33 वर्ष साकिन पीव्ही. 17

### नपं अध्यक्ष समेत 3 लोगों ने मिलकर कराई हत्या

एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि नीलरतन मंडल की गिरफ्तारी के बाद सोमेंद्र मंडल को हिरासत में लिया गया। उसने पूछताछ में इस सुपारी किलिंग में शामिल होने की बात कही। उसने बताया कि 3 दिसंबर को प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस नेता और नपं अध्यक्ष बप्पा गांगुली के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव आया, कुर्सी खतरे में थी। वहीं कांग्रेसी पार्षद विकास पाल को इस बात का डर था कि उसका पंखाजूर इन होटल भी अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। वहीं जितेंद्र बैरागी की भी भाजपा नेता के साथ पुरानी रंजिश थी। इस कारण तीनों ने मिलकर हत्या करवाई।

## आज बेबाक

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विपक्ष के कई नेताओं ने आमंत्रण ठुकरा दिया है। भाजपा पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप भी लगा दिया है। कोई मंदिर को आधा अधूरा बता रहा है तो कोई और कोई कारण गिना रहा है। जिसे आमंत्रण नहीं मिला वो चीख पुकार मचा रहा है। वहीं दूसरी ओर जिसे आमंत्रण मिला वो नखरे दिखा रहा है। भाजपा ने इन्हें रामद्रोही बताते हुए एक पोस्टर जारी किया है। गनीमत है उस पोस्टर पर यह चौपाई नहीं लिखी है कि - भूत पिसाच निकट नहीं आवे महावीर जब नाम सुनावे।

## जहाजों पर समुद्री लुटेरों के हमले रोकने भारत ने तैनात किए 10 वॉरशिप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अरब सागर से अदन की खाड़ी तक करीब 10 वॉरशिप तैनात किए हैं। इस पर मौजूद मरीन कमांडोज सोमालिया के समुद्री लुटेरों से जहाजों को बचाएंगे। भारतीय नौसेना ने कहा- अरब सागर में कारोबारी जहाजों पर हमले बढ़ रहे हैं। इन जहाजों को समुद्री लुटेरों से बचाने और उनके ड्रोन हमले रोकने के लिए सोमालिया के तट के पास, अरब सागर और अदन की खाड़ी में डिस्ट्रॉयर्स, फ्रि गेट्स और पेट्रोलिंग बोट समेत 6-10 युद्धपोत तैनात किए गए हैं। भारतीय नौसेना ने कहा- अब समुद्र में होने वाली हर घटना पर हमारी नजर होगी। तैनात किए गए युद्धपोत समुद्र में किसी भी घटना को रोकने के लिए तैयार रहेंगे।

## मुकेश अंबानी फिर बने भारत के सबसे अमीर कारोबारी

**मुंबई (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर भारत के सबसे अमीर कारोबारी बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ 2.8 बिलियन डॉलर (करीब 23 हजार करोड़) बढ़कर 101.8 बिलियन डॉलर (करीब 8.46 लाख करोड़) हो गई है। अंबानी जून 2022 के बाद पहली बार 100 बिलियन डॉलर क्लब में भी शामिल हो गए हैं। अंबानी के पास रिलायंस इंडस्ट्री की 42 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एक सप्ताह पहले अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी नेटवर्थ के मामले में अंबानी को पीछे छोड़कर सबसे अमीर कारोबारी बने थे। तब वे ब्लूमबर्ग बिलेनियर लिस्ट में 8.12 लाख करोड़ की वेल्थ के साथ दुनिया में 12वें नंबर पर थे। अंबानी 8.07 लाख करोड़ के साथ 13वें नंबर पर थे। वहीं इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 17.60 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी हैं। उनके बाद 14.94 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ अमेजन के फाउंडर जेफबेजोस और तीसरे नंबर पर एलव्हीएमएच के बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं।

## पश्चिम बंगाल के मंत्री-विधायक के घर ईडी की रेड

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस और विधायक तापस रॉय के घर पर ईडी ने शुक्रवार (12 जनवरी) सुबह छापा मारा। नगर पालिका भर्ती घोटाले को लेकर कोलकाता में टीएमसी के दोनों नेताओं के घर ईडी ने तलाशी शुरू की, जो दोपहर तक जारी रही। इस दौरान दोनों जगहों पर कड़ी सुरक्षा देखने को मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने कोलकाता के बाहर भी इन नेताओं के ठिकानों पर दबिश दी है। साथ ही नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष के घर ईडी जांच करने पहुंची। मामले को लेकर पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा- ये सभी चोर हैं।

## 'इंडिया' गठबंधन की बैठक आज सीट बंटवारे को लेकर होगी चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी लोकसभा चुनावों में बीजेपी की हैट्रिक रोकने की कवायद में जुटी विपक्षी पार्टियों के 'इंडिया' गठबंधन की बैठक आज शनिवार (13 जनवरी) को होनी है। इस बैठक में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एमके स्टालिन, नीतीश कुमार समेत 14 पार्टियों को नेता बैठक में हिस्सा लेंगे। सुबह 11:30 बजे होने वाली इस वर्चुअल मीटिंग में सभी नेता एक दूसरे से बातचीत करेंगे और आगे की योजना तैयार करेंगे। आज होने वाली ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कारण, इस बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा तो होगी ही, साथ ही नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाने पर भी सहमति बन सकती है। हालांकि अभी बैठक के एजेंडा का खुलासा नहीं किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## 4 महीने के उच्चतम स्तर पर रिटेल महंगाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की रिटेल महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। सितंबर में महंगाई 5.02 प्रतिशत रही थी। वहीं नवंबर में यह 5.55 प्रतिशत और अक्टूबर में रिटेल महंगाई 4.87 प्रतिशत रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। नवंबर की तरह दिसंबर में भी सब्जियों की महंगाई में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवंबर में सब्जियों की महंगाई 17.7 प्रतिशत से बढ़कर 27.64 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली की महंगाई सिकुड़कर -0.99 प्रतिशत हो गई है जो नवंबर में -0.77 प्रतिशत थी।

## दुश्मनों की खैर नहीं, नई पीढ़ी की 'आकाश मिसाइल' का परीक्षण सफल

**नई दिल्ली (ए.)।** संप्रभुता की सुरक्षा के लिए भारत अब लगातार स्वदेशी हथियारों की निर्माण कर रहा है। इसका फायदा है कि संकट की घड़ी में हमें कभी भी किसी अन्य देश के भरोसे नहीं बैठना होगा। भारत के रक्षा उत्पाद में सबसे बड़ी भूमिका रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी की डीआरडीओ निभा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नई पीढ़ी के 'आकाश मिसाइल' का सफ ल परीक्षण किया है। इस मिसाइल की खूबियां भारत के दुश्मन देशों को परेशान कर सकती है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार सुबह 10.30 बजे ओडिशा के तट पर चांदीपुर से एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), से नई पीढ़ी की आकाश (आकाश-एनजी) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। यह उड़ान-परीक्षण बहुत कम ऊंचाई पर उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्य के सापेक्ष आयोजित किया गया। इस उड़ान-परीक्षण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## आठ साल बाद मिला लापता भारतीय वायुसेना के विमान का मलबा

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना का एक एएन-32 विमान 22 जुलाई 2016 को एक ऑपरेशन मिशन के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर से लापता हो गया था। इस विमान में 29 कर्मी सवार थे। विमान और जहाजों द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान किसी भी लापता कर्मी या विमान के मलबे का पता नहीं लगा सके। अब लगभग पौने आठ साल बाद इस लापता विमान का मलबा मिला है। पीएमओ की ओर से बताया गया है कि राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, जो पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वावधान में कार्य करता है। इस संस्थान ने लापता एएन-32 विमान के अंतिम ज्ञात स्थान पर हाल ही में गहरे समुद्र में अन्वेषण क्षमता के साथ एक ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी) तैनात किया। यह खोज मल्टी-बीम सोनार (साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग), सिंथेटिक एपर्चर सोनार और हाई रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई पेलोड का उपयोग करके 3400 मीटर की गहराई पर की गई। खोज के दौरान प्राप्त तस्वीरों के विश्लेषण से चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (लगभग 310 किमी) दूर समुद्र तल पर एक दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे की उपस्थिति का संकेत मिला। खोज के दौरान प्राप्त तस्वीरों की जांच की गई और उन्हें एएन-32 विमान के अनुरूप पाया गया। संभावित दुर्घटना स्थल पर यह खोज, उसी क्षेत्र में इतिहास में किसी अन्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## जब तक मैं प्रभारी, पक्षपात नहीं होने दूंगा तेरा-मेरा भी नहीं चलेगा : सचिन पायलट

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के नए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर गुरूवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने लगातार दो दिनों तक आगामी लोकसभा चुनाव और कल से शुरू हो रहे राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा जोड़ा को लेकर कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों की बैक टू बैक बैठक ली। प्रदेश के नए प्रभारी ने अपने पहले ही दौरे में कांग्रेस नेताओं को सख्त हिदायत दे दी है। पायलट ने बैठक में कहा पार्टी में तेरा-मेरा और पक्षपात होने नहीं दूंगा। जब तक मैं प्रभारी हूं ऐसा नहीं होने दूंगा। 4 साल 11 महीने बाद फिर कांग्रेस सरकार लाना है। शुक्रवार सुबह 11 बजे प्रदेश चुनाव समिति की बैठक के बाद वो दिल्ली रवाना हो गए हैं। इस बैठक में कार्यकर्ताओं की नाराजगी को लेकर कांग्रेस नेताओं से चर्चा की गई। बैठक में शामिल कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पायलट ने सभी लोकसभा सीटों पर लोगों को ओब्लाइज कर जल्द से जल्द कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने को कहा है, जिस क्षेत्र में जो कार्यकर्ता नाराज हैं, उनकी सारी शिकायतों को सुनकर उन्हें दूर करना है। सभी सीनियर नेताओं को कार्यकर्ताओं से बात करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## गरमा-गरम

## कीर्तिमान... 21.8 किमी लंबा ब्रिज मुंबई-नवी मुंबई को जोड़ेगा, 2 घंटे का सफर अब 20 मिनट में पूरा होगा

# पीएम मोदी ने किया देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक 17,840 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और यह देश का सबसे लंबा समुद्री पुल है। दिसंबर 2016 में पीएम मोदी ने पुल की आधारशिला रखी थी। देश में बुनियादी ढांचे के विकास में ऐतिहासिक मील का पत्थर मानते हुए अटल सेतु का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया है। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा छह लेन वाला पुल है, जिसकी लंबाई समुद्र के ऊपर लगभग 16.5 किमी और जमीन पर लगभग 5.5 किमी है। देश के सबसे लंबे पुल की मदद से दोनों स्थानों के बीच का यात्रा समय मौजूदा दो घंटे से घटकर लगभग 15-20 मिनट रह जाएगा। यह मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सीधा संपर्क प्रदान करेगा और मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा के समय को भी कम करेगा। इस पुल से मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच संपर्क में भी सुधार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 'ईस्टर्न फ्रीवेज ऑरेंज गेट' को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली सड़क सुरंग की आधारशिला भी रखी। 9.2 किलोमीटर लंबी सुरंग 8,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाई जाएगी और यह मुंबई में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास होगा। उन्होंने सूर्या क्षेत्रीय पेयजल परियोजना के पहले चरण को भी राष्ट्र को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पीएम ने कालाराम मंदिर में की साफ-सफाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित श्री कालाराम मंदिर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान वे मंदिर परिसर में पोछा लगाते हुए नजर आए। मोदी ने अपने एक कार्यक्रम के दौरान इसका जिक्र भी किया और देशवासियों से अपील की कि वे देशभर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा, ''मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थलों की और मंदिरों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक **नव प्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...

जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

रायपुर, शनिवार, 13 जनवरी 2024 | 02

# 14 लाख दीयों से बनेगी श्रीरामलला मंदिर की आकृति

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि व प्रभु राम की आकृति पर लगे 14 लाख रंग-बिरंगे दीपकों की रश्मि से 13 जनवरी को साकेत महाविद्यालय प्रकाशित होगा। यहां एक नया विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन श्री राम कर्मभूमि न्यास व अयोध्या महोत्सव न्यास के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे तथा भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अजित शाश्वत चौबे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम के सहसंयोजक हरीश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साकेत महाविद्यालय में 14 लाख रंगीन दीयों से भगवान श्रीराम व रामलला मंदिर की भव्य आकृति उकेरी जा रही है, जो विश्व कीर्तिमान का प्रयास होगा। अभी तक ऐसा रिकॉर्ड कही नहीं बना है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी अर्जुन राम मेघवाल व गिरिराज सिंह सम्मिलित होंगे। न्यास के संस्थापक संरक्षक स्वामी रामभद्राचार्य की अयोध्या में हो रही कथा के स्थल पर 75000 दीयों से उनके विग्रह का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार के जो स्थल श्री राम और माता सीता से जुड़े हैं वहां से यात्रा की शुरूआत हो रही है। केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे के नेतृत्व में भागलपुर से श्री राम आविर्भाव यात्रा और बक्सर से श्री राम अभ्युदय यात्रा के 13 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा में केंद्रीय मंत्री के साथ प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अर्जित शाश्वत चौबे भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री व अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव रहेंगे। मिल्कीपुर से अयोध्या तक अयोध्या महोत्सव न्यास के उपाध्यक्ष महेश ओझा के संयोजन में सैकड़ो स्थान पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

अयोध्या महोत्सव न्यास के सचिव नाहिद कैफ के संयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा के राम आएंगे तो अंगना बहारूंगी भजन की प्रस्तुति होगी। विजय यादव द्वारा फरुवाही नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। अरुण द्विवेदी के संयोजन में 15 जनवरी को 5100 कन्या पूजन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का स्वागत प्रभारी रिचा ओझा को बनाया गया है।

# महाकालेश्वर मंदिर से अयोध्या जाएगा स्पेशल प्रसाद, लगेगा 5 लाख लड्डुओं का भोग

**नई दिल्ली।** मप्र के सीएम मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि राज्य 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से पांच लाख लड्डू अयोध्या भेजेगा। मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान 'सूर्य नमस्कार' और योग किया। यादव ने कहा, हम 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक समारोह के लिए प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन से पांच लाख लड्डू अयोध्या भेजने जा रहे हैं। यादव ने कहा कि मुगल बादशाह बाबर ने अयोध्या में मंदिर तोड़ा था। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि अब जब इसका पुनर्निर्माण हो गया है तो इस अवसर का जश्न मनाने में मध्य प्रदेश कैसे पीछे रह सकता है। केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली विशिष्ट तिथियों पर विभिन्न राज्यों से लोगों को राम मंदिर में दर्शन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा, ''हमारा सौभाग्य है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा युवा आबादी है।'' उन्होंने कहा कि सौ साल पहले स्वामी विवेकानन्द ने घोषणा की थी कि 21वीं सदी भारत की होगी। भारत कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान से लेकर गगनयान तक और यहां तक कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान भी देश की सफलता की कहानी कहता है।

# 7000 रामभक्तों को चांदी के सिक्के के साथ मिलेगा प्रसाद

**अयोध्या।** 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन बचे हैं। प्राण-प्रतिष्ठा में बुलाए गए 7000 अतिथियों को प्रसाद में चांदी का सिक्का, ब्रास की थाली और अंगवस्त्र दिए जाएंगे। चांदी के सिक्के के लिए अशोक सिंहल फाऊंडेशन से मॉडल मांगे गए हैं।

### 22 व 23 जनवरी को विशेष लड्डू का प्रसाद

अतिथियों को प्रसाद के रूप में देसी घी से बना 100 ग्राम का विशेष मोतीचूर का लड्डू दिया जाएगा जिस पर चांदी का वर्क लगा होगा। इस लड्डू के लगभग डेढ़ लाख पैकेट बनाए जा रहे हैं जिन्हें 22 और 23 जनवरी को भक्तों में वितरित किया जाएगा।

### अतिथियों को भेंट की जाएगी मिट्टी

श्रीराम जन्मभूमि की मिट्टी, जिसे नींव की खोदाई के दौरान निकली थी, उसे ट्रस्ट एक डिब्बी में पैक कर अतिथियों को भेंट करेगा। इस समारोह में पहुंच रहे पी.एम. नरेंद्र मोदी सहित अतिथियों को राम मंदिर व अयोध्या से जुड़ा 15 मीटर का एक चित्र दिया जाएगा। यह सब जूट के एक झोले में होगा जिस पर राम मंदिर का चित्र होगा।

### सोने-चांदी से मढ़ा 600 किलो का नगाड़ा गुजरात से पहुंचा

प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में बजाने के लिए 600 किलो का नगाड़ा गुजरात से अयोध्या पहुंच गया है। इस नगाड़े पर सोने और चांदी की परत मढ़ी गई है। इसे बनाने में लोहे और तांबे का भी इस्तेमाल हुआ है। इससे नगाड़े को हजारों वर्षों की आयु दी जा सकने का प्रयास किया गया है। नगाड़े को बनाने वाले डगबर समाज के 4 लोग इसे प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर में बजाएंगे।

### 2 किलोमीटर दूर सुनाई पड़ेगी एटा के घंटे की आवाज

एटा के कारीगरों द्वारा बनाया गया 2400 किलो का घंटा भी कल राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपा गया है। अष्टधातु के इस घंटे को सैकड़ों व्यापारी फूलों से सजाकर रथ में अयोध्या लेकर लाए हैं। इस घंटे की आवाज शांत माहौल में करीब 2 किमी तक सुनाई देगी। कारोबारी मनोज मित्तल ने बताया कि उनके पिता विकास मित्तल की स्मृति में इसको तैयार किया गया है।

### 50 कि.मी. तक महकेगी 108 फीट लंबी अगरबत्ती

3,610 किलो वजन की 108 फीट लंबी अगरबत्ती राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या पहुंच गई। यह अगरबत्ती गुजरात में तैयार की गई है जिसको बनाने में 6 महीने लगे। इसकी लंबाई 108 फीट है। इसमें कई तरह की जड़ी बूटियां डाली गई है। यह अगरबत्ती लगभग डेढ़ महीने तक जलेगी तथा 50 किलोमीटर के इलाके में अपनी सुगंध फैलाएगी।

### 14 लाख दीये जलेंगे नहीं पर जगमग होंगे

अयोध्या में 14 लाख ऐसे दीये लगाए जाएंगे जिन्हें जलाया नहीं जाएगा परंतु वे रोशनी पाकर जगमग हो उठेंगे। इन 14 लाख दीयों के चारों ओर लगभग 21 हजार दीये जलाए जाएंगे। इन्हीं के प्रकाश से ही ये जगमग होंगे।

# कैमूर के 'गोबिंद भोग' चावल से लगेगा अयोध्या में राम लला को भोग

**कैमूर।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होनी है जिसमें लगने वाले भोग के चावल कैमूर के मोकरी गांव से जाएंगे. खास तरह के चावल का नाम गोविंद भोग है। इसकी खासियत ये है कि जब ये तैयार होता है तो इसकी गमक दूर तक बिखरती है. इसीलिए इस चावल को अयोध्या के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भोग लगाने के लिए भेजा जा रहा है। अयोध्या में लगेगा गोबिंद भोग चावल का भोग इस सूचना पर गांव वालों में खुशी का ठिकाना नहीं है. जिले के भभुआ प्रखंड के मोकारी गांव के गोबिंद भोग चावल देश-विदेशों में मशहूर है. इस चावल की खासियत की वजह से इसको अयोध्या भेजा जा रहा है. ऐसी मान्यता है कि गांव से सटे कैमूर पहाड़ी से जड़ी बूटी का मिश्रित पानी गांव के खेतों में पहुंचता है. जिससे चावल सुगन्धित और खुशबूदार होता है।

जब से बिहार मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष किशोर कुणाल बने, तब से अयोध्या में राम चन्द्र का भोग मोकारी गांव के गोबिंद भोग से लगने लगा. सात वर्षों से गोबिंद भोग चावल अयोध्या जाता है. वर्षो बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ है. जिसका प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है. जिसको लेकर पूरे विश्व में चर्चा बना हुआ है, जिस मंदिर का देश के हिन्दू धर्म को मानने वाले लोगों के लिए खास दिन है। अयोध्या में राम चन्द्र को भोग कैमूर के गोबिंद भोग चावल से लगेगा, गांव के किसानों में खुशी की लहर है. मोकारी गांव के किसान अर्जुन सिंह, लाल बच्चन सिंह, मोहम्मद रफ्तार बताते हैं कि मेरे गांव का गोबिंद भोग चावल देश विदेशों में प्रसिद्ध है,अयोध्या में श्रीराम चन्द्र को पहला भोग मेरे गाँव से उपजा गोबिंद भोग से लगता है. इससे बड़ी बात क्या होगी।''हमलोग में खुशी का ठिकाना नहीं है, मोकारी गांव के पश्चिम सिवान में यह चावल को उपजाया जाता है. कैमूर पहाड़ी के जंगलों से होते हुए पानी खेतों में पहुंचता है, जिससे चावल सुगन्धित और खुशबूदार होता है।

# भगवान राम को 2.5 किलोग्राम का धनुष किया जाएगा भेंट

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला (भगवान राम) की प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अयोध्या स्थित अमाव राम मंदिर द्वारा 2.5 किलोग्राम का धनुष दिया जाएगा । अयोध्या के अमाव राम मंदिर के ट्रस्टी शायन कुणाल ने कहा, 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला (भगवान राम) की 'प्राण प्रतिष्ठा' (प्रतिष्ठा) से पहले, हम उनके लिए चेन्नई से धनुष और तीर ला रहे हैं। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 19 जनवरी को यह दान कर दिया जाएगा।

शायन कुणाल ने कहा,÷धनुष को वाल्मिकी रामायण में इसके वर्णन के अनुसार बनाया गया है। इसमें विभिन्न तीरों के बारे में भी वर्णन किया गया है। चेन्नई के कुशल कारीगरों ने धनुष बनाया है । इस धनुष को बनाने में सोने के 23 कैरेट का उपयोग किया गया है। 2.5 किलोग्राम वजन वाले धनुष को बनाने में लगभग 600-700 ग्राम सोने का उपयोग किया गया है ।'' उन्होंने कहा कि धनुष बनाने में लगभग दो महीने का समय लगा है।

# सीतामढ़ी से भेजा जा रहा 2101 दउरा सनेश भार, तैयार किए जा रहे खाजा, गजा, लड्डू

**सीतामढ़ी।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा महा-समारोह के लिए मां सीता की जन्मभूमि, पुनौरा धाम से 'सनेश' भेजने की तैयारी जोरों पर है। पुनौरा धाम में उत्साह के साथ श्रद्धालु सनेश भार पहुंचा रहे हैं, जहां दर्जनों लोग सनेश भार को आकर्षक तरीके से पैकिंग करने के काम में जुटे हुए हैं। शरीर को गलाने वाली इस ठंड में भी श्रद्धालु खाजा, गांजा, लड्डू इत्यादि मिठाइयां बनाने में उत्साह के साथ जुटे हुए हैं।

13 जनवरी को मां जानकी जन्मभूमि से अयोध्या धाम के लिए 101 वाहनों से 2101 दउरा सनेश भार भेजा जाएगा। भार के साथ जिले के करीब 500 से अधिक साधु-संत और राम भक्त भी अयोध्या जाएंगे। इस यात्रा में तीन ट्रक और रथ भी शामिल होंगे।

### विहिप की अगुवाई में पुनौरा पहुंचा सनेश

विश्व हिंदू परिषद् की जिला इकाई की ओर से भगवान राम की जन्मभूमि, अयोध्या धाम में रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर में विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के निमित और संग्रहित सनेस (भार) शहर स्थित डॉक्टर वसंत मिश्रा के आवास से गाजे-बाजे के साथ पुनौरा धाम पहुंचाया गया। यह सनेश 13 जनवरी को अयोध्या के लिए भेजा जाएगा। इस उत्सव में विहिप के उत्तर बिहार के संगठन मंत्री नागेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार, सीमा जागरण मंच के अध्यक्ष डा वसंत मिश्रा, संत भूषण दास, जयकिशोर व अध्यक्षता कर रहे प्रभारी जिलाध्यक्ष संतोष कुमार झा, भाजपा के जिला मीडिया संयोजक आग्नेय कुमार और मनोज सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### किष्किंधा से पहुंचे जगद्गुरू गोविंदानंद सरस्वती

इधर, 2021 में कर्नाटक के किष्किंधा से रथ यात्रा लेकर निकले जगद्गुरू गोविंदानंद सरस्वतीजी महाराज गुरुवार को मां सीता की प्राकट्य भूमि, पुनौरा धाम पहुंचे। यहां के साधु-संतों और श्रद्धालुओं की ओर से उनका भव्य स्वागत-सम्मान किया गया। जगद्गुरू ने मां जानकी मंदिर और वहां स्थापित हनुमान मंदिर समेत सीता कुंड का दर्शन, पूजन और आरती की। जगद्गुरू ने बताया कि 2021 में वे यात्रा पर निकले थे। इस दौरान जगह-जगह उन्होंने पूछा कि माता सीता की जन्मभूमि कहां है ? हर जगह उन्हें यही बताया गया कि पुनौराधाम ही मां सीता की जन्मभूमि है। बताया कि स्वयं हनुमान जी ने पता लगाया है कि पुनौरा धाम ही मां सीता की जन्मभूमि है, इसलिए उन्होंने यहां आकर श्री हनुमान जी की जन्मभूमि, किष्किंधा में करीब 10 एकड़ भूखंड पर बन रहे हनुमान जी के दिव्य और भव्य मंदिर के निर्माण के लिए मां सीता से आशीर्वाद और अनुमती मांगने आए हैं। साथ ही अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर बने रामलला के दिव्य और भव्य मंदिर में आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कोई विघ्न नहीं पहुंचे, इसके लिए भी मां सीता से आशिर्वाद मांगने आये हैं।

# 'सीता रसोई' में जयपुर के सरसों तेल से तैयार पकवान बनेंगे, सीएम भजनलाल शर्मा ने भेजे 2100 पीपा तेल



**जयपुर।** अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह जयपुर की भी अहम भागीदारी रहने वाली है। जयपुर में तैयार किए गए सरसों के तेल से अयोध्या की सीता रसोई में पकवान तैयार होंगे। प्रसाद और भोजन ने 2100 पीपे तेल जयपुर से अयोध्या भेजे गए हैं। एक शोभा यात्रा के रूप में विशेष वाहन तैयार किया गया जिस पर भगवा पताका सजाई गई है। साधु संतों के सानिध्य में इस विशेष वाहन के साथ हाथी, घोड़े और ऊंट का लवाजमा भी रवाना किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 11 जनवरी की दोपहर को तेल के पीपे अयोध्या ले जाने वाली शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### पीएम मोदी की बड़ी उपलब्धि

सीएम भजनलाल ने कहा कि हम सब के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि हम सब श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को साक्षात देश सकेंगे। उन्होंने कहा कि राम हमारे रोम रोम में बसते हैं, राम हमारे आराध्य हैं और आज अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बन रहा है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। इस मौके पर भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि जयपुर नगर से हजारों टन प्रसाद सामग्री प्रतिदिन अयोध्या जाएगी। अयोध्या में सीता माता की रसोई से लाखों भक्तों को प्रसाद मिलेगा। तेल के बाद राशन और भोग सामग्री भी भेजी जाएगी। इससे पहले भगवान के अभिषेक के लिए देसी गाय का घी भी भेजा जा चुका है। उसी घी से अखंड दीपक जलेगा और भगवान की आरती होगी। जयपुर शहर के पास जेतपुरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मणिशंकर ऑयल फैक्ट्री सरसो का विशेष तेल तैयार किया गया। अयोध्या की सीता रसोई के लिए पिछले गई दिनों से तेल की स्पेशल पैकिंग का कार्य किया गया। हर पेकिंग पर श्रीराम जन्म स्थिति लिखी गई है और उसकी विशेष सजावट भी की गई है।

### ऐतिहासिक पल का साक्षी होना ही सौभाग्य - भजनलाल

शोभायात्रा को रवाना करने के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना ऐतिहासिक कार्य है और इस कार्य का साक्षी होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। सैकड़ों सालों की मनोकामना अब पूरी होने जा रही है। सीएम ने कहा कि अयोध्या में जितने भी साधु संत और अतिथि आने वाले हैं। उनके लिए भोजन और प्रसाद सीता रसोई में तैयार हो रहा है। जयपुर की इसमें बड़ी भागीदारी है क्योंकि जयपुर में तैयार किए गए तेल से ही सीता रसोई में प्रसाद और भोजन बनेगा।

# भारत ही नहीं यूरोप से लेकर अमेरिका तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम

**अयोध्या।** 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामोत्सव को लेकर उत्तर प्रदेश में जो तैयारी शुरू हुई थीं, वो अब धीरे-धीरे पूरे देश और विदेश तक पहुंच रही है। इस आयोजन को लेकर पूरी दुनिया में उत्सव का माहौल बन चुका है। ये उत्सव अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे यूरोप से एक हजार लोग एकत्रित होंगे। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर भूमि पूजन की तर्ज पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राण प्रतिष्ठा भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.30 ब बजे होगी। उस समय पेरिस में सुबह और अमेरिका में देर रात का समय होगा।

### पेरिस में निकाली जाएगी राम रथ यात्रा

हिंदुओं के आराध्य भगवान राम के मंदिर की स्थापना का जो सपना राम भक्तों ने देखा था, वो 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अब साकार होने जा रहा है। ऐसे में दुनियाभर के रामभक्त इस अवसर पर अपने-अपने तरीके से जश्न मना रहे हैं। इसी क्रम में 21 जनवरी 2024 को पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पेरिस में रहने वाले अविनाश मिश्रा नाम के यूजर ने राम रथ यात्रा के बारे में डिटेल साझा की है। उन्होंने लिखा है, 'फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा और एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होंगे।' अविनाश ने अपनी पोस्ट में राम रथ यात्रा का पूरा मैप भी शेयर किया है, जबकि पेरिस में रहने वाले राम भक्तों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध भी किया है। उनकी इस पोस्ट को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने भी रीट्वीट किया और लिखा कि अयोध्या में जन्मस्थान पर भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना सभी रामभक्तों के लिए एक आशीर्वाद है।

### 160 देशों में हो रहे विभिन्न आयोजन

विश्व हिंदू परिषद ने भी कई देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिज़ी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

### टाइम्स स्कायर पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग

हिंदू मंदिर एमपावरमेंट काउंसिल ने नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया है। विगत कई हफ्तों में वाशिंगटन, शिकागो और दूसरे अमेरिकी शहरों में राम मंदिर के जश्न में कार रैलियां निकाली गई हैं। आयोजकों ने अब कैलिफोर्निया में कार रैली निकालने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि वे अयोध्या नहीं आ सकते हैं, लेकिन भगवान राम उनके दिलों में हैं और उनकी घर वापसी में उनकी अटूट श्रद्धा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर भी किया जाएगा। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन को चिह्नित करते हुए टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर का एक डिजिटल बिलबोर्ड चलाया गया था। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा है कि अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदु समुदाय को देखें तो यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण है।

न्यूज गैलरी

## कांग्रेस की सोच आज भी राष्ट्र विरोधी : सुनील सोनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि कांग्रेस की सोच आज भी राष्ट्री विरोधी, धर्म विरोधी और सनातन विरोधी है । पहले वह यह सोच बदले फिर जनता के बीच जाए उन्होंने कहा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट लाख दावे कर लें कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन करेगी, पर कांग्रेस यह सच पायलट भी भली-भाँति जानते हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता अब पूरी तरह भाजपा के साथ खड़ी है और कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को वेंटीलेटर पर जाने से नहीं रोक पाएगी। श्री सोनी ने कहा कि प्रदेश में भारी हार के बाद भी अगर कांग्रेस प्रभारी पायलट कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की तारीफ कर रहे हैं तो इस पर सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि दिल बहलाने को गालिब खयाल अच्छा है।

## लोस चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की समन्वयकों की सूची

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस संगठन ने देश में होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व ही समन्वयकों की नियुक्ति शुरू कर दी है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में भी लोकसभावार समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार रायपुर लोकसभा के लिए राजेंद्र साहू, सरगुजा लोकसभा (एसटी) के लिए पवन अग्रवाल, रायगढ़ लोकसभा (एसटी) मधु सिंह, जांजगीर चांपा (एससी) बैजनाथ चंद्राकर, कोरबा लोकसभा के लिए सुभाष धुप्पड़ को समन्वयक नियुक्त किया गया है। बिलासपुर लोकसभा के लिए पीयूष कोसरे, राजनांदगांव लोकसभा के लिए दीपक दुबे, दुर्ग लोकसभा पदम कोठारी, महासमुंद लोकसभा के लिए राजेश यादव, बस्तर लोकसभा (एसटी) नरेश ठाकुर, कांकेर लोकसभा (एसटी) के लिए रवि घोष को नियुक्त किया गया है।

## तेज रफ्तार थार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर में तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दिया। एक्सीडेंट के बाद महिला सड़क पर जा गिरी। जिससे उसके सिर में गम्भीर चोंटे आने से मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी में महिला का 10 साल का बेटा भी सवार था, जिसका पैर फैक्चर हो गया है। बताया जा रहा है कि युवक तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए मस्ती कर रहे थे। फिलहाल डीडी नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ये हादसा डीडी नगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ फेस 2 के पास शुक्रवार दोपहर 2 बजे के करीब हुआ। 35 साल की कुसुमलता दुबे अपने बच्चे के साथ घर की तरफ जा रही थी। इस दौरान ओडिसा नंबर की रजिस्टर्ड ब्लैक थार ने स्कूटी को इंद्रप्रस्थ गेट के पास टक्कर मार दी। एक्सीडेंट इतना जोरदार था कि महिला उछलकर सड़क पर जा गिरी। सड़क पर गिरते ही महिला के सिर पर गंभीर चोटे आई और उसकी मौत हो गई।

# 22 को प्रभु श्रीराम के ननिहाल में भी धूमधाम से मनेगा रामोत्सव

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आयोजित 'श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त आयोजन तीन स्तरों में संभागीय/जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होगा। इस आयोजन में मानस मंडलियों को जोड़ा जाना है। राज्य के प्रत्येक जिलों में संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के साथ पंजीकृत क्रियाशील लगभग 4700 मानस मंडलियां हैं। राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडली को 5000 रूपए प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय अनुरूप जिलेवार मानस मंडलियों की सूची एवं तदानुसार धनराशि का आबंटन संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा सीधे

प्रत्येक कलेक्टरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका शीघ्रता के साथ वितरण किए जाने की बात कही गई है ताकि भव्य आयोजनों में इन मानस मंडलियों को पूरा उत्सुकता के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके साथ ही प्रत्येक जिला स्तरीय संस्थानों, विकासखण्ड स्तरीय, धार्मिक ट्रस्टों, मंदिर समितियों के साथ समन्वय करके उनके सहयोग के साथ जन जन के धार्मिक महत्व के इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों को इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उक्त दिवस में भवनों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर से कम से कम ऐसे एक विशिष्ट मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाईटिंग व्यवस्था की जाए।

# पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को सीएम विष्णु देव साय ने बांटे चेक

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद सरोवर उद्यान में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां स्थित आदिवासियों के आराध्य आदिशक्ति बूढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने इस उद्यान में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर 20 युवाओं को कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग स्थित बीपीओ सेंटर से संबद्ध निजी कंपनी टेक्नोटॉस्क के जॉब ऑफर लेटर (नियुक्ति पत्र) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पांच

हितग्राहियों को व्यवसाय के लिए 10-10 हजार रूपए ऋण राशि के चेक वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर स्टार्टअप कंपनी 'सोशियो सेलर' प्रारंभ करने वाले युवा ललित को सम्मानित किया। युवा महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन रायपुर द्वारा एमपी पॉली प्रिंट एंड पैक संस्थान में 30 युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया। ये युवा संस्थान में सुपरवाइजर तथा अन्य स्टॉफ के रूप में कार्य करेंगे।

## सीएस जैन की अध्यक्षता में हुई समग्र शिक्षा कार्यकारिणी की बैठक

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में समग्र शिक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत् राज्य के दूरस्थ इलाकों के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूलों में सूचना प्रौद्योगिकी के तहत् उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रेषित करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य समग्र शिक्षा की कार्ययोजना 2024-2025 पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी प्रकार से पी एम श्री योजना के तहत् स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के बजट प्रस्ताव पर भी व्यापक चर्चा हुई। बैठक में समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों के स्थल परिवर्तन की कार्योत्तर स्वीकृति प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के तहत् आयोजित इस बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित समग्र शिक्षा के कार्यकारिणी में शामिल विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की स्वास्थ्य विभाग की बजट समीक्षा

**रायपुर/नवप्रदेश।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में महानदी भवन, मंत्रालय में वित्त एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री चौधरी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्लई, वित्त सचिव अंकित आनंद, संचालक बजट शारदा वर्मा, संचालक आयुष सुश्री इफ्फत आरा, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य में अब तक 103.63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 103.63 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 22468 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा।

## युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर/नवप्रदेश।** गुरूवारी बाजार खरोरा में मामूली बात पर तीन युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी हिरेन्द्र साहू 28 वर्ष शारदा मंदिर के पास महासमुंद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के साला खुमान साहू नया बस स्टेण्ड के सामने गुरूवारी बाजार खरोरा में खड़ा था, तभी बाजार में धक्का लगने की बात पर आरोपी सोनू कर्रा, कमल कर्रा व अन्य ने विवाद कर खुमान पर चाकू से प्राणघातक हमला कर किया। जिससे खुमान को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## आज से तीन दिवसीय दौरे पर छग पहुंचेंगे केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

**रायपुर/नवप्रदेश।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज 13 जनवरी को नियमित विमान सेवा से दोपहर 12 बजे रायपुर आ रहे हैं। अपने तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन 13 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे, न्यू सर्किट हाऊस, सिविल लाइन्स, रायपुर में राज्य के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ।

इस बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री, सड़क मार्ग द्वारा रायपुर से एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा के लिए रवाना होंगे। कोरबा पहुंचने के बाद शाम 6 बजे श्री सिंह, जिला प्रशासन के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे । केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा में करेंगे। केन्द्रीय मंत्री, छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन, 14 जनवरी को सुबह 10 बजे स्थानीय मंदिर में आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे और इसके बाद सुबह 11 बजे ग्राम ढोंगदरहा,

विकासखण्ड कोरबा में और दोपहर 02.15 बजे ग्राम रंजना, विकासखण्ड, कटघोरा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे । केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा में करेंगे। केन्द्रीय मंत्री, अपनी यात्रा के तीसरे दिन, 15 जनवरी को एकलव्य आदर्श विद्यालय, छुरीकला, विकासखण्ड, कोरबा में आयोजित पीएम जनमन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, इस योजना का शुभारम्भ विडियो कांफ्रेस के माध्यम से प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात् केन्द्रीय मंत्री सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 01.30 बजे कोरबा से रायपुर विमातल के लिए रवाना होंगे और रात्रि 08.25 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे ।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मोदी सरकार डरी : बैज

**रायपुर/नवप्रदेश।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत के पहले ही मोदी सरकार डर गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि मणीपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरूआत के लिये पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गयी तो उसमें शर्तें लगा दी गयी, यह मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र है। मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हो इसीलिये राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षड़यंत्र रचा जा रहा है। मोदी सरकार कुछ भी कर ले लेकिन भारत के लोगों की आवाज न दबेगी, न रूकेगी। दीपक बैज ने कहा है कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है। जब देश चलाने वाली दल, सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को परिदृश्य के पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो न्याय यात्रा जैसा महाअभियान चलाये भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य है।

# स्वामी विवेकानंद ने रायपुर के जिस घर 'डे भवन ' में बचपन गुजारा, वो अब बनेगा स्मृति भवन

**रायपुर/नवप्रदेश।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित 'डे भवन' को स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति भवन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के जरिए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी खास बातों को युवाओं को बताई। साथ ही देश के विकास में युवाओं

की भागीदारी की अहमियत बताई और उन्होंने युवाओं को उनके लिए बनाई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि, स्वामी विवेकानन्द ने पूरे विश्व में सनातन और भारत का झंडा बुलंद किया। वे युवाओं के साथ ही सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वे हमारी गौरवशाली परंपरा के अमूल्य विरासत हैं। युवा देश की विरासत से जुड़कर अपने अंदर गौरव और स्वाभिमान की भावना जगा सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलकर ही विकसित भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द 14 वर्ष की आयु में रायपुर आए थे। यहां उन्होंने 2 साल से ज्यादा का समय बिताया। इस दौरान वो बूढ़ा पारा के पास डे भवन में रहते थे। और बूढ़ा तालाब में स्नान करते थे। इस धरोहर को हम संजो कर रखना चाहते हैं।

## भाजपा नेताओं और अधिकारियों के बेटे-बेटियों का सिविल जज में चयनित होना भी घोटाला : कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** सीजीपीएससी में चयनित होकर सिविल जज बने सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामना देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा बताएं सीजीपीएससी के सिविल जज की परीक्षा में मंत्री केदार कश्यप की भतीजी एवं पूर्व विधायक भाजपा नेत्री लक्ष्मी बघेल एवं अधिकारियों के बच्चों का चयन होना भी घोटाला है? भाजपा को सीजीपीएससी के परीक्षा में नेताओं एवं अधिकारियों के बच्चों के चयन होने पर आपत्ति था। विपक्ष में रहते भाजपा ने सीजीपीएससी की पारदर्शिता पर सवाल उठाए थे और युवाओं को भड़काने के लिए झूठे आरोप लगाकर आंदोलन किया था।

# बिना सूचना ट्रेन कैंसल करना आपत्तिजनक : ज्योत्सना

**रायपुर/नवप्रदेश।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रेलवे द्वारा एक साथ बिना किसी सूचना के 10-12 ट्रेनों का परिचालन कैंसल कर देने पर गहरी नाराजगी और आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से रेलवे द्वारा ट्रेनों को बिना किसी पूर्व सूचना के एकाएक कैंसल कर दिया जाता है, उससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वे अपने गंतव्य के लिए टिकट कटा लेते हैं और फिर पता चलता है कि ट्रेन कैंसल हो गई है। बिना सूचना के किसी भी ट्रेन को कैंसल कर देना आपत्तिजनक है और वे इस विषय में रेलमंत्री से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगी कि इस तरह से नहीं होना चाहिए। सांसद ज्योत्सना महंत ने यह भी कहा है कि रेल संघर्ष समिति के संघर्षों और मेरे द्वारा किए गए लगातार पत्र व्यवहार के कारण आखिरकार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा तक शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह एक्सप्रेस कोरबा तक जल्द प्रारंभ होनी चाहिए ताकि कोरबावासियों को इसका लाभ मिले। कोरबा-रायगढ़ के मध्य चलने वाली ट्रेन जल्द प्रारंभ होने से लाभ मिलेगा। कोरबा-बीकानेर के मध्य ट्रेन के बारे में मैने वहां के सांसदों से मिलकर चर्चा की और रेल मंत्री को आवेदन भी दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही यह आग्रह मान लिया जाएगा। यात्री ट्रेनों की लेट-लतीफी के संबंध में भी मैने रेल मंत्री से बात रखी है कि कोयला लदान वाली गाड़ियों को तो जाने दिया जाता है किन्तु यात्रियों को परेशानी होती है। इस विषय में मैं चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रही हूं, जिसका मुझे दुख भी रहता है लेकिन मेरा प्रयास लगातार जारी रहेगा कि कोरबा की जनता को लाभ मिले।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला**

क्रमांकः 202401104500022
विषयः अ-6/ सन्- 2023-24

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

अमेरी प.ह.न. 00013 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- मनोज शर्मा, दिवस खरे, सुनील कुमार शर्मा
अनावेदक पक्षकार - दीपेश कृपाल

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमेरी प.ह.नं. 13 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण मनोज शर्मा पिता ईश्वरी प्रसाद शर्मा अन्य 02 निवासी सेक्टर-1 प्रोफेसर कालोनी शक्तिमाता मंदिर के पास रायपुर द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.न 13 तहसील पाटन स्थित भूमिस्वामी दिपेश कृपाल पिता एफएल कृपाल के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 323 रकबा 0.90 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 01.12.2023 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण मनोज शर्मा पिता ईश्वरी प्रसाद शर्मा अन्य 02 द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 31.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**पाटन (छ.ग.)**

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है. कि मैं रितेश कुमार उके पिता स्व. गणेश उके निवासी वार्ड नं, 38, मकान नं. 700/2 - रुंगटा राईस मील के पास मील पारा दुर्ग (छ.ग) पिन कोड न. 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम रितेश कुमार उके रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम रितेश कुमार उके पिता स्व. गणेश उके से ही जाना व पहचाना जावे ।

**शपथकर्ता**
**रितेश कुमार उके**
**रुंगटा राइस मिल के पास**
**मील पारा दुर्ग जिला दुर्ग**
**पिनकोड नं. -491001**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चन्द्रभान प्रसाद आ. स्व. श्री तीरथप्रसाद उम्र 66 वर्ष निवासी प्लाट नं. 04 सड़क 1ए, पंचशील सेक्टर बी बोरसी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरा नाम चन्द्रभान एवं मेरा सरनेम प्रसाद है इस कारण मेरा सही, वास्तविक एवं पूरा नाम चन्द्रभाव प्रसाद (CHANDRABHAN PRASAD) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है तथा मैं स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी हूं मेरे शासकीय मेडिकल काउंसिल भोपाल के अभिलेख में मेरा नाम चन्द्रभान (CHANDRABHAN) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) दर्ज है। चन्द्रभाव प्रसाद (CHANDRABHAN PRASAD) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) एवं चन्द्रभान (CHANDRABHAN) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही है। में समस्त दस्तावेजों में अपना नाम चन्द्रभान (CHANDRABHAN) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) के स्थान पर चन्द्रभान प्रसाद (CHANDRABHAN PRASAD) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) कराना चाहता हूं जिसके लिए राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं। अत: आज दिनांक के पश्चात से मुझे चन्द्रभान प्रसाद (CHANDRABHAN PRASAD) पिता स्व. तीरथ प्रसाद (LATE TIRATH PRASAD) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**शपथकर्ता**
**चन्द्रभान प्रसाद** (CHANDRABHAN PRASAD)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूरनलाल पटेल पिता सतईराम पटेल निवासी ग्राम आशीषनगर पूर्व रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 536/12 रकबा 0.0100 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार पत्नि रामरती पटेल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री आकाश कुमार अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400161/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री आकाश कुमार अग्रवाल आ. श्री संजय कुमार अग्रवाल, निवासी डी/89 देवेन्द्र नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तह. व जिला दुर्ग | 211/11 | 0.027 हें 3000 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग, जिला दुर्ग**

## संपादकीय

# अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस में मतभेद

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है. एक भव्य समारोह का साक्षी बनने के लिए पूरा देश लालायित है लेकिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सिर्फ 10 हजार विशिष्ट लोगों को ही आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए सभी प्रमुख विपक्षी पार्टियों के नेताओं को भी आमंत्रण भेजा गया है। लेकिन उनमें से अधिकांश नेताओं ने इस पर अभी तक चुप्पी साध रखी है। वहीं कांग्रेस ने तो बकायदा आमंत्रण ही ठुकरा दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि भाजपा और आरएसएस इस नाम पर राजनीति कर रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने तो अलग ही तर्क दिया है। उनका कहना है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य आधा अधूरा है। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में इसका लाभ उठाने के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराई जा रही है इसलिए वे इस कार्यक्रम में जाना उचित नहीं समझते। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह के बयान दिए हैं किन्तु उनके बयानों से खुद कांग्रेस में ही कई ऐसे नेता हैं। जो सहमत नहीं है। राजस्थान और गुजरात के दो कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के इस निर्णय पर खेद जताया है। वहीं हिमाचल प्रदेश के कांग्रेसी मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने की इच्छा जताई है। कर्नाटक में जहां कांग्रेस की सरकार है। वहां 22 जनवरी को श्रीराम मंदिरों में भव्य रूप से पूजा पाठ करने की तैयारी की जा रही है। कुल मिलाकर कांग्रेस के भीतर ही श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मतभेद उजागर हो रहे हैं और रामभक्त कांग्रेसी हाई कमान के निर्णय को आत्मघाती कदम बता रहे हैं। वास्तव में कांग्रेस ने एक सुनहरा अवसर खो दिया है और भाजपा को अपने ऊपर निशाना साधने का मौका दे दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उनकी मानसिकता पर कड़ा प्रहार किया हैं। उन्होंने कहा है कि भारत का इतिहास जब भी करवट लेता है। तब उस अवसर में शामिल होने की जगह कांग्रेस पार्टी उसका बहिष्कार कर देती है। यही वजह है कि चुनाव दर चुनाव देश की जनता कांग्रेस का बहिष्कार कर रही है। कांग्रेस पार्टी की तरह ही आईएनडीआईए में शामिल अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता भी जिन्हें आमंत्रण भेजा गया है। वे भी उसे ठुकरा रहे हैं। उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो उन्हें आमंत्रण देने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को पहचानने से ही इंकार कर दिया और आमंत्रण अस्वीकार कर दिया। आईएनडीआईए में शामिल ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, लालू यादव और अरविंद केजरीवाल सहित अन्य नेताओं ने भी अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वे अयोध्या जाएंगे या नहीं। इन दलों के नेता जिस तरह से बयान दे रहे हैं। उसे देखते हुए यही लगता है कि कांग्रेस की देखा देखी ये भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार ही करेंगे। निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के नेताओं का और खासतौर पर कांग्रेस के बड़े नेताओं का यह फैसला अफसोस की बात है। जब वे ये कहते हैं कि भगवान श्रीराम सबके हैं तो फिर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने से आखिर क्या दिक्कत है। इन नेताओं को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और दलगत भावना से ऊपर उठकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनना चाहिए। वरना बहुसंख्यक हिंदुओं के बीच इनकी गलत छवि बनेगी और आगामी लोकसभा चुनाव में उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ जाए तो कोई हैरत नहीं होगी।

# महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले से उपजे सवाल

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी। उद्धव ठाकरे ने फैसले में देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने विधानसभा स्पीकर अयोग्यता की लंबित याचिका ओंपर 10 जनवरी तक फैसला लेने को कहा था। स्पीकर नार्वेकर ने किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया है। फैसले के बाद शिवसेना उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है, तो वही दूसरी राज्य में बीजेपी के सबसे बड़े नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बधाई दी है। शिवसेना उद्धव गुट ने भाजपा को भी निशाने पर लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना उद्धव गुट नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया।

शिवसेना उद्धव गुट के मुखपत्र सामना के संपादकीय में सत्तारूढ़ भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा गया है कि राज्य के लोग इसके पीछे के खेल करने वालों को माफ नहीं करेंगे। विद्रोह के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने शीर्ष पद पर अपनी जगह पक्की कर ली और लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में उनकी राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और राकांपा (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। सामना में कहा गया है कि स्पीकर का आदेश पहले से तय था और इसमें चौंकने वाली कोई बात नहीं है। मराठी दैनिक ने कहा कि स्पीकर के लंबे फैसले को दिल्ली में उनके आकाओं ने लिखा था। इसमें आरोप लगाया गया कि बाल ठाकरे की शिवसेना को'गद्दारों' को सौंपने का स्पीकर का फैसला महाराष्ट्र के साथ बेईमानी में शामिल होने के समान है। संपादकीय में कहा गया है कि नार्वेकर के पास इतिहास रचने का मौका था, लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जिसने लोकतंत्र का चेहरा काला कर दिया है। पिछले साल जून महीने में एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफबगावत का बिगुल फूंका था, जिस वजह से महाविकास अघाडी सरकार गिर गई थी। एमवीए सरकार में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल थी। शिंदे के विद्रोह के बाद शिवसेना मे विभाजन हो गया। जिसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 40 विधायकों (बागी) के समर्थन से बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई और खुद मुख्यमंत्री बने और बीजेपी नेता देवेंद्र फड्णवीस उपमुख्यमंत्री बने।

विधानसभा स्पीकर फैसला सुनाते समय यह व्याख्या करते रहे कि 'असली शिवसेना' कौन-सी है? उसका नेता कौन है? पार्टी का कौन-संविधान मान्य है?उद्धव ठाकरे की शक्तियां क्या थीं? शिवसेना में पार्टी प्रमुख से ताकतवर राष्ट्रीय कार्यकारिणी है। शिवसेना पर फैसला तो चुनाव आयोग सुना चुका था। पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न 'धनुष-बाण' एकनाथ शिंदे की सेना को आवंटित किए जा चुके थे, लेकिन सर्वोच्च अदालत के सवाल कुछ और ही थे। चूंकि स्पीकर ने व्यवस्था दी है कि शिंदे गुट ही 'असली शिवसेना' है।

शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे 'संवैधानिक' कैसे हो सकते हैं? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्पीकर के फ़ैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि अब बाला साहेब का चुनाव चिन्ह उनका हो गया है। स्पीकर के फ़ैसले तक चुनाव आयोग ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह को फ्रीज़ कर दिया था। संविधान पर चुनाव आयोग और स्पीकर को स्पष्टीकरण देने चाहिए, क्योंकि यह संविधान से जुड़ा मामला है। स्पीकर नार्वेकर ने अपनी व्यवस्था का आधार 1999 के शिवसेना संविधान को बनाया है, जिसमें तत्कालीन पक्ष प्रमुख बाल ठाकरे ने पार्टी प्रमुख के बजाय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वर्चस्व को स्थापित किया था। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ का भी मानना है कि विधायक दल से ज्यादा महत्वपूर्ण और ताकतवर पार्टी का संगठन होता है, क्योंकि वह ही मूल है। राजनीतिक शाखाएं कई हो सकती हैं। बहरहाल 2024 में 1999 का पार्टी संविधान पूर्णतःप्रासंगिक नहीं हो सकता, क्योंकि उसके बाद 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव हुए हैं। विधानसभा चुनाव भी हुए हैं। यदि संविधान में संशोधन नहीं किए गए और शिवसेना में संगठनात्मक चुनाव भी नहीं कराए गए, तो बहुत कुछ वैध नहीं था।

# श्रीराम के अद्भुत अर्चक-फादर कामिल बुल्के

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

*वह बहुभाषाविद थे। बाबा बुल्के अपनी मातृभाषा 'फ्लेमिश' के अतिरिक्त अंग्रेज़ी, फ्रेंच, जर्मन, लैटिन, ग्रीक, संस्कृत और हिंदी पर भी संपूर्ण अधिकार रखते थे। हिंदुस्तान की माटी विशेषकर रांची उनके रोम-रोम में बसा था। 1951 में भारत सरकार ने फ़ादर बुल्के को बड़े ही आदर के साथ भारत की नागरिकता प्रदान की। बाबा बुल्के भारत के नागरिक बनने के बाद स्वयं को 'बिहारी' कहलवाना पसंद करते थे।*

*कामिल बुल्के की हिंदी सेवाओं के लिए 1974 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मभूषण' की उपाधि से नवाजा। पदमभूषण विजेता और मधुशाला के रचियता श्री हरिवंशराय बच्चन बाबा कामिल बुल्के के श्रीराम स्नेह से इतने अभिभूत थे, उन्होंने बाबा कामिल बुल्के पर खुद ही कविता लिखी। वह बाबा का कितना सम्मान करते थे, उनकी इस कविता में साफ़साफ झलकता है-*

*फ़ादर बुल्के तुम्हें प्रणाम!*
*जन्मे और पले योरुप में*
*पर तुमको प्रिय भारत धाम*
*फ़ादर बुल्के तुम्हें प्रणाम!*
*रही मातृभाषा योरुप की*
*बोली हिंदी लगी ललाम*
*फ़ादर बुल्के तुम्हें प्रणाम!*
*ईसाई संस्कार लिए भी*
*पूज्य हुए तुमको श्रीराम*
*फ़ादर बुल्के तुम्हें प्रणाम...*

बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन् तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रामेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते।

'रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकि कृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकि रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा संबंधी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं।

उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है।

फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितंबर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उन्होंने गुमला अब झारखंड में पांच वर्षों तक गणित का अध्यापन किया। यहीं पर उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहाँ पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेज़ी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। अंततः फादर कामिल बुल्के से बाबा कामिल बुल्के कहलाए जाने लगे। फ़ादर कामिल बुल्के ने पंडित बद्रीदत्त शास्त्री से हिंदी और संस्कृत की शिक्षा प्राप्त की और 1940 में 'विशारद' की परीक्षा 'हिंदी साहित्य सम्मेलन', प्रयाग से उत्तीर्ण की। उन्होंने 1942-1944 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से संस्कृत में मास्टर्स डिग्री हासिल की। कामिल बुल्के ने 1945-1949 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में रामायण पर शोध किया।

1949 में ही वह 'सेंट जेवियर्स कॉलेज', रांची में हिंदी और संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष नियुक्त किए गए। कामिल बुल्के सन 1950 में 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' की कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। वह सन 1972 से 1977 तक भारत सरकार की 'केन्द्रीय हिंदी समिति' के सदस्य रहे। कामिल बुल्के लंबे समय तक रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज में संस्कृत तथा हिंदी के विभागाध्यक्ष रहे, लेकिन बाद में बहरेपन के कारण कॉलेज में पढ़ाने से अधिक उनकी रुचि गहन अध्ययन और स्वाध्याय में होती चली गई। बुल्के का अपने समय के हिंदी भाषा के सभी चोटी के विद्वानों से संपर्क था। डॉ. धर्मवीर भारती, डॉ. जगदीश गुप्त, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. रघुवंश, महादेवी वर्मा आदि से उनका विचार-विमर्श और संवाद होता रहता था। डॉ. धीरेन्द्र वर्मा को अपना प्रेरणा स्रोत मानते हुए वे अपनी आत्मकथा 'एक ईसाई की आस्था, हिंदी-प्रेम और तुलसी-भक्ति 2' में लिखते हैं- 1945 में डॉ. धीरेन्द्र वर्मा की प्रेरणा से मैंने एम.ए. के बाद इलाहाबाद से डॉ. माता प्रसाद के निरीक्षण में शोध कार्य किया। इलाहाबाद के प्रवास को वे अपने जीवन का 'द्वितीय बसंत' कहते थे। महादेवी वर्मा को वे 'दीदी' और इलाहाबाद के लोगों को वे 'मायके वाले' कहते थे।

बुल्के के प्रस्तुत शोध-'रामकथा उत्पत्ति और विकास' की विशेषता थी कि यह मूलतः हिंदी में प्रस्तुत पहला शोध प्रबंध है। फ़ादर बुल्के जिस समय इलाहाबाद में शोध कर रहे थे, उस समय सभी विषयों में शोध प्रबंध केवल अंग्रेज़ी भाषा में ही प्रस्तुत किए जाते थे। फादर बुल्के ने इलाहबाद विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा परिषद से सादर आग्रह किया कि उन्हें हिंदी में शोध प्रबंध प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। इसके लिए अंततः शोध संबंधी नियमावली में परिवर्तन किया गया।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1450 पुर्तग़ाल के नाविक बारथोलोमियु डेयाज़ का जन्म हुआ। डेयाज़ के जलमार्ग का प्रयोग करके ही वास्को डीगामा ने भारत के जलमार्ग की खोज की थी। 1794 कांग्रेस ने अमेरिका के झंडे में 15 सितारों और 15 पट्टियों में बदलाव किया। 1849 में 13 जनवरी के दिन ही अंग्रजों और सिखों के बीच चिलियनवाला में दूसरा युद्ध हुआ था। 1889 में आज ही के दिन असम में युवाओं ने अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी का प्रकाशन शुरु किया था। 1910 में 13 जनवरी के दिन से ही न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण शुरू हुआ था। 1930 में आज ही के दिन पहली बार मिकी माउस कॉमिक स्ट्रिप का प्रकाशन हुआ था। 1948 में 13 जनवरी के दिन ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाए रखने के लिए आमरण अनशन शुरू किया था। 1949 अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय विंग कमांडर राकेश शर्मा का जन्म हुआ। 1966 में आज ही के दिन अमेरिका ने नवादा में न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

## QUIZ TIME

1) किस राजपूत राजा ने मुहम्मद गोरी को पहली बार हराया था?

2) इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क कहाँ स्थित है?

3) अंतर्राष्ट्रीय महामारी तैयारी दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

4) भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सबसे प्राचीन शैली कौन है?

5) प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का हाल ही में देहांत हो गया, उन्हें किस वर्ष पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बघेल भीम (2) बेंगलूरू (3) 27 दिसम्बर (4) भरतनाट्यम (5) 2018

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -302

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:48, चन्द्रोदय : 08:08, चन्द्रास्त : 18:32, **अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)**, ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : श्रवण, योग : वज्र, प्रथम करण : बव (14:23 तक), द्वितीय करण : बालव (24:47 तक)

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 12:04 से 12:46, अमृत काल : 09:32 से 10:58, सर्वार्थसिद्धि योग : 15:18 से 31:14, विजय मुहूर्त : 14:09 से 14:50, गोधूलि मुहूर्त : 17:33 से 18:01, सायाह्न सन्ध्या : 17:36 से 18:58, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:52, राहुकाल : 09 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:01 से 16:18, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (14:23 तक), चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : श्मशान में (14:23 से गौरी के साथ)

**शुभ यात्रा दिशा**

दक्षिण-पूर्व (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, आज जन्मे शिशुओ का नाम श्रवण नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (खी, खू, खे , खा) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज के दिन आपको परिश्रम का उचित फल मिल सकेगा। कार्य व्यवसाय में थोड़ी मेहनत के बाद उत्साहजनक लाभ मिलेगा सहकर्मी आज आपसे ईर्ष्या करेंगे।

**वृषः** आज का दिन पिछले दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। शारीरिक रूप से भी आज पहले से बेहतर अनुभव करेंगे।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से अशुभ रहेगा। सेहत में दिन भर उतार चढ़ाव लगा रहेगा।

**कर्कः** आज के दिन आपको अपने अधिकांश कार्यो में विजय मिलेगी। सोच विचार कर ही किसी कार्य को करेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए शांतिदायक रहेगा। ईश्वरीय आराधना भजन-पूजन में निष्ठा रहने से मानसिक रूप से विचलित नही होंगे।

**कन्याः** आज के दिन आप अपने दिमाग पर कुछ ज्यादा ही जोर डालेंगे अनिर्णायक स्थिति रहने के कारण अधिकांश कार्य अधूरे रह जाएँगे या निरस्त भी करने पड़ सकते है।

**तुलाः** आज का दिन सावधानी से व्यतीत करें। आज आप बड़बोलेपन के कारण कलह को स्वयं ही आमंत्रण देंगे।

**वृश्चिकः** आज के दिन दौड़ धूप तो रहेगी लेकिन इसका सकरात्मक परिणाम भी मिलेगा। व्यवसाय में आज निश्चिन्त होकर कार्य करें जोखिम लेने से ना डरें।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए संतोषजनक रहेगा। आप आवश्यकता रहने पर भी आर्थिक मामलों को ज्यादा महत्त्व नही देंगे।

**मकरः** आज का दिन आपके लिए सौभाग्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। परिवार में सुख शांति रहेगी कार्य व्यवसाय में भी कई दिन से चल रही योजना के सफल होने पर उत्साह का वातावरण बनेगा।

**कुंभः** आज का दिन आपको घर एवं बाहर कुछ ना कुछ हानि कराएगा। आज प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें।

**मीनः** आपके लिए आज का दिन भी लाभदायक रहेगा।

## न्यूज गैलरी

### विधानसभा स्पीकर से मिले मनीष पाण्डेय

**भिलाईनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर उनसे चर्चा करते हुए उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

### सिंटर प्लाट्स ने रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट ने जनवरी 2024 में दूसरी बार उत्पादन के नए रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की है। 11 जनवरी 2024 को सिंटर प्लांट 2 और 3 ने मिलकर कुल 28,212 टन उत्पादन कर, 5 जनवरी 2024 को दर्ज पिछ्ले सर्वश्रेष्ठ 27,971 टन को पार किया। 11 जनवरी 2024 को सिंटर प्लांट-2 ने 8,539 टन सिंटर उत्पादन किया, जबकि मोडेक्स यूनिट सिंटर प्लांट-3 ने 19,673 टन सिंटर का उत्पादन किया। सिंटर प्लांट-3 की टीम ने 11 जनवरी 2024 को रात्रि पाली में 6,611 टन का उत्पादन कर, 5 जनवरी 2024 को उत्पादित पिछ्ले सर्वश्रेष्ठ 6,580 टन सिंटर उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रिकॉर्ड उत्पादन के लिए विभाग के कुषल नेतृत्व और टीम को बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता ने विभागों को सहयोग के लिए बधाई दी है।

### सरकारी अस्पताल पहुंचे एसडीएम निकुंज

**पाटन।** नए एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने प्रभार लेने के दूसरे ही दिन देर शाम को सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएमओ डॉक्टर आशीष शर्मा से पूरी जानकारी ली। एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन का औचक निरीक्षण किया। पोषण पुनर्वास केंद्र पाटन और हमर लैब का निरीक्षण भी किया। पोषण पुनर्वास केंद्र पाटन में भर्ती गंभीर कुपोषित बच्चे की माताओं से भी चर्चा कर चिकित्सकीय सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

### कल भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

**भिलाईनगर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर श्री रामचरित्र मानस पाठ एवं भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक गौ के दुग्ध भगवान आशुतोष का रूद्रा अभिषेक एवं पूर्णाहुति का आयोजन संकटमोचन हनुमान मंदिर, पानी टंकी के पास कैम्प-1, भिलाई नगर के प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा किया गया है इस अवसर पर अखण्ड रामचरित्र मानस पाठ तिथि तृतीया 14 जनवरी प्रातः10 बजे से जिसकी पूर्णाहुति एवं भण्डारा का आयोजन होगा।

# किसानों के उतरोत्तर उन्नति के हर संभव प्रयास करेंगे : मुख्यमंत्री

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी पहचान भारत के धान उत्पादक राज्य के रूप में होती है। किसानों के मेहनत और परिश्रम के कारण ही छत्तीसगढ़ को धान के कटोरा के नाम से जाना जाता है। हमारी सरकार किसानों की चिंता करने वाली सरकार है। हमारी सरकार किसानों के उतरोत्तर उन्नति के हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने देश के किसानों का चिंता किया। उन्होंने किसानों को साहूकारों से मुक्ति दिलाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू किया और करोड़ो किसानों कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने का काम किया। इससे किसानों को काफी राहत मिली। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों के आय को दोगुना करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू किया। मोदी के गारंटी को पूरा करते हुए हमारी सरकार के किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदने का वादा पूरा किया। जल्द ही किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त दिया जाएगा। इस मौके पर भगवान श्री जी के प्राण प्रतिष्ठा

कार्यक्रम के किसान संघ की ओर से दो ट्रक लगभग 20 क्विंटल सब्जी से भरी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिये रवाना किया उन्होंने इसके लिए किसान संघ को बधाई दी। कार्यक्रम में उन्नत और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। श्री साय ने किसान मेला में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। इस मौके पर उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में प्रदर्शित एग्जॉटिक फ्रूट्स जैसे रोज़ वैक्स एप्पल, कश्मीरी एप्पल बेर एवं पैशन फ्रूट की जानकारी प्राप्त की। स्टॉल भ्रमण के दौरान रोज़ वैक्स एप्पल का और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कश्मीरी एप्पल बेर का स्वाद चखा। साथ ही मुख्यमंत्री ने ऑयल पाम की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा की यह पहला कार्यक्रम है, जिसमे किसानों के बीच शामिल होने का मौका मिला। किसानों के परिश्रम और प्रगतिशील सोच का परिणाम है जिसके कारण प्रदेश में छत्तीसगढ़ के किसानों का नाम रौशन हुआ। यह बहुत ही गर्व की बात है। यह किसानों की मेहनत और तकनीकी ज्ञान का ही फल है जिसके कारण दूध, फल, सब्जी छत्तीसगढ़ में ही नहीं प्रदेश में भी मांग हो रही है। किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर और आगे बढ़े हम सब छत्तीसगढ़ की उन्नत प्रदेश बनाना चाहते हैं, इसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा की यहां के किसान बहुत उन्नत है।

# विधानसभा की ऐतिहासिक जीत को लोकसभा में पुनः दोहराएंगे : राजीव

नव प्रदेश संवाददाता

**कार्यकर्ताओं की बदौलत आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी जीत का नया रिकॉर्ड बनाएगी : जितेन्द्र**

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय बैठक में अनेक विषयों पर विचार मंथन किया। यह बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के मार्गदर्शन, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता और विधानसभा संयोजक राजेन्द्र कुमार की संयोजकत्व में हुई। बैठक के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा हुई। बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर पार्टी पिछड़ गई थी, उन बूथों के संबंध में मंडल अध्यक्षों से जानकारी ली गई। विधानसभा चुनाव में हारे हुए बूथों पर लोकसभा चुनाव में बढ़त लेने के लिए जिला प्रभारी ने मंडल अध्यक्षों को विशेष कार्ययोजना बनाकर जीत हासिल करने का लक्ष्य दिया। आगामी 22 जनवरी तक निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के कार्य में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जुटने की अपील की गई। बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूर्व 14 से 22 जनवरी तक जिले के सभी तीर्थ स्थलों, मंदिरों और पूजास्थलों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया तथा 22 जनवरी के दिन को उत्सव के रूप में मनाए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में समझाया गया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट जनता के बीच देखने का आव्हान किया गया। 24 जनवरी को सभी विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन तथा नमो ऐप हेतु कार्यशाला एवं संयुक्त मोर्चा की बैठक के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश बैठक में दिए गए।

# आज से दो दिवसीय छग स्तरीय देवी जसगीत झांकी

नव प्रदेश संवाददाता

**कुम्हारी।** नगर में 13 व 14 जनवरी को मां महामाया सेवा समिति की ओर से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झाँकी महोत्सव का आयोजन बाजार चौक स्थित शासकीय कन्या शाला में रखा गया है। समिति के अध्यक्ष नेतराम यादव ने बताया कि देवी जसझाँकी महोत्सव स्पर्धा पिछले 22 वर्षों से समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जो इस वर्ष 13 जनवरी से सुबह 7 बजे शुरू होगी। जिसमे सर्वप्रथम दीपप्रज्वलित कर मां महामाया देवी की पूजा-अर्चना कर स्पर्धा का प्रारंभ किया जाएगा। जो 14 जनवरी तक अनेक मंडलियों द्वारा मंचस्थ होगा। जिनके पश्चात अतिथि स्वागत में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मनहरण यादव लता खैरवार का स्वागत समस्त आयोजक समिति द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक मंचस्थ मंडलियों को दी जाने वाली सम्मान की राशि 2100 रुपये होगी। इनके अतिरिक्त बेस्ट मंचस्थ होने वाली मंडलियों में प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 7100 रुपए, तृतीय 5100 रुपए, दिया जाएगा। विशेष गायन के लिए प्रतिभागी टीम को 3100 रुपए का विशेष पुरस्कार रखा गया है। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में जगन बाबा व बलराम वैष्णव होंगे। तैयारी में समिति के सदस्य चुम्मन यादव, सरोज पटेल, परस पटेल ज्योति बालिका मानस मंडली एवं गायत्री मानस मंडली, सभी जुट गए है।

# हितग्राहियों ने उठाया शिविर का लाभ, मिला रसोई गैस

नव प्रदेश संवाददाता

**रिसाली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन दो हजार से ज्यादा लोगों ने केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लिया। दूसरे दिन नेवई और डुंडेरा के हितग्राहियों को रशोई गैस , राशन कार्ड और प्रधान मंत्री स्वनीधी योजना का चेक वितरण किया गया। शिविर में आम तौर पर ऐसे हितग्राही पहुंचे थे जिनको योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। निगम के अधिकारियों ने ऐसे हितग्रहीयो से औपचारिक दस्तावेज लेकर लाभ दिलाया गया। शिविर में आयुष्मान , उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड ,आवास और आधार अपडेट

कराने वालों की संख्या ज्यादा थी। शिविर के समापन अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, एम आई सी सोनिया देवांगन समेत पार्षद डोमन बारले, ममता सिन्हा, गजेंद्रि कोठरी, सविता, खिलेंद्र चंद्राकर, विधि यादव, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।

**स्क्रीन पर देखा मोदी को**

शिविर स्थल पर नाशिक में चल रहे राष्ट्रीय युवा सम्मेलन को लाइव देखने स्क्रीन लगाया गया था। शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री को सुनने भीड़ उमड़ी थी। साथ ही पंडाल में विकसित भारत के लिए नागरिकों ने शपथ लिया।

**इन्हे मिला योजना का लाभ**

उज्वला योजना के तहत ममता सेन, कुशल बाई, सुरजा बाई, किरण , भगवती धनकर, तुमेश्वरी, राधा बाई, गीता, पुष्प, प्रिया, रंजिता, हेमलता, भावना यादव, सुखिया, नूतन देवांगन, शाता, तमेशावरी,गंगा बाई, चित्ररेखा, तिलेश्वरी, मानसि दीक्षा कौशिक, जूही खातून, दुलेश्वरी, नर्मदा यादव, कांता भारती, मीरा सिंग, लक्ष्मी डोंगरे, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना वर्षा प्रधान, धनेश्वरी साहू, गंगा बघरिया, सरोज डोंगरे, टिकेश्वरी, सतमामा, बिन्दू, रचना, सुनमति, केमबाई, सुलोचना व भारती को दिया गया।

### मरोदा में शुरू हुई लोकवाद्य कार्यशाला

**भिलाईनगर।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से 10दिवसीय लोकवाद्य कार्यशाला का आयोजन 14 जनवरी तक कुहुकी कला ग्राम संग्रहालय परिसर मरोदा सेक्टर में किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्घाटन 5 जनवरी को श्याम के गरिमामय समारोह में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रिसाली नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र साहू महासचिव कांग्रेस कमेटी और हेमंत बंजारे सहित अन्य विशिष्ट जन मौजूद थे। यह जानकारी कार्यशाला के संयोजक व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने दी।

# श्री जगन्नाथ समिति ने किया विधायक पुरंदर मिश्रा का सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

**भिलाईनगर।** विधायक पुरंदर मिश्रा ने सेक्टर 4 श्री जगन्नाथ मंदिर में की पूजा अर्चना और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 4 भिलाई में पधार कर महादेव भगवान भोलेनाथ एवं महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी की पूजा अर्चना कर महादेव व महाप्रभु से छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी सर्वश्री वृंदावन स्वांई, बीसी बिस्वाल, भीम स्वांई, बसंत प्रधान,अनाम नाहक, त्रिनाथ साहू, डी त्रिनाथ, उपस्थित रहे 7 पूजा अर्चना मंदिर के पुरोहित श्री पितबास पाढ़ी ने किया। श्री जगन्नाथ समिति भिलाई द्वारा रायपुर के नव निर्वाचित यशस्वी विधायक उत्कल गौरव पुरंदर मिश्रा का शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन मे विधायक मिश्रा ने श्री जगन्नाथ संस्कृति का छत्तीसगढ़ से सीधे जुड़ाव का जिक्र किया। उन्होंने भिलाई एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ में श्री जगन्नाथ मंदिर के विकास को आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विकास का आधार बिंदु बताया। उन्होंने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक एकता ही विकास को गति देगी। जब आप एकजुट होकर एक स्वर में कोई मांग रखेंगे तो उस मांग की पूरी होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने का आवाह्न किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती उमाबाई साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400201/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती उमाबाई साहू पति श्री राजकुमार साहू निवासी सिकोलाबस्ती तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग | 101/17 | 0.010 हें 1050 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री मनीष साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400198/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री मनीष साहू आ. श्री राजूलाल साहू, निवासी सिकोलाभाठा तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग | 332/75 | 0.0053 हें 570 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती अनिता सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400199/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती अनिता सिंह पति श्री दिनेश सिंह, निवासी कैलाशनगर तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग | 332/74 | 0.0093 हें 1000 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती मधुलिका श्रीवास्तव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400200/अ-2/2023-24

| 9 | 151117 | 222 | Borshi, Mudpar, Mudparkhurd, Bhilauri, Ufara in Block Berla | 10 | 11.80 |
| 10 | 151118 | 223 | Sinwar, Atarghadhi, Singdehi, Pahanda, Gondgiri in Block Berla | 12 | 14.16 |
| 11 | 151119 | 224 | Lawatara L, Hadgaon, Bahinga, Baherghat, Danganiya B, Keshdabari in Block Berla | 12 | 14.16 |
| 12 | 151120 | 225 | Sarda, Bhedni, Khisora, Patora, Lenjwara, Sorla, Parpoda, Silghat P, Kusmi in Block Berla | 12 | 14.16 |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 15.01.2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 19.01.2024

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 15.01.2024 से देखे जा सकते हैं।
जी- 07079/3
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे मंत्री बघेल

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में रविवार 14 जनवरी को भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजन रखा गया हैं, जिसमें स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। संस्था के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षण संस्थान के प्रमुख व डिप्टी रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मलित हो रहे हैं, साथ ही सहायक क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ ज़ोन डी डॉ बीपी साहू विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हो रहे हैं। इस दौरान मंत्री के द्वारा नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली से लौटे 19 बच्चों को सम्मानित भी करेंगे। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल राजेन्द्र नगर साहिबाबाद में एथलेटिक्स व डीएवी पब्लिक स्कूल ब्रिज बिहार गाजियाबाद से अंडर 14, व अंडर 19 कब्बड्डी के लिए हमारे बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें भारत के कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के कुल 23 राज्य के 550 बच्चों ने भाग लिए थे, जिसमें डीएवी जांता के 19 बच्चों ने भी छत्तीसगढ़ के तरफ़ से भाग लिए, कब्बड्डी में आंध्रप्रदेश, राजस्थान जैसे राज्य को अंडर 14 डीएवी स्कूल जांता के बालको ने जीत हासिल किया। छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के नाम के साथ ही, डीएवी जांता के भी नाम रोशन करते हुए उच्च शिखर तक पहुंचाएं, दिल्ली में होने वाले पांच दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लेकर डीएवी जांता के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### 8 असामाजिक तत्वों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** राजनांदगांव पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चलाया । इस दौरान सट्टा पट्टी के साथ एक आरोपी को पकड़ा। इसी तरह नशा कर हंगामा करने वालों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश

एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 12 जनवरी 2024 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल सीआईटी कॉलेज बायपास चौक, राजनांदगांव के पास आरापी शब्बीर खान पिता जब्बार खान (42), साकिन विकास नगर, लखोली, थाना कोतवाली को अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी एवं नगदी रकम 2820 रूपये जप्त कर छत्तीसगढ़ जुंआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही की गई। आरोपियों रामनाथ साहू पिता कुंभलाल साहू (26), साकिन खपरीखुर्द, थाना ठेलकाडीह, जिला केसीजी, खिलेन्द्र सिंह गोड़ पिता स्व. निर्मल सिंह परते (25) साकिन सेम्हरा दैहान, थाना ठेलकाडीह, जिला केसीजी, टुमन निषाद पिता तोरन निषाद (22), साकिन खपरीखुर्द, थाना ठेलकाडीह, जिला केसीजी, छगन साहू पिता महेश साहू (36), साकिन संतोषी नगर, लखोली, थाना कोतवाली द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब के नशे में चूर होकर मदहोश होना पाये जाने पर धारा 36 (च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। राजनांदगांव शहर के विभिन्न चौक-चौराहें पर अनावेदकगण सरजू यादव पिता स्व. सुंदर लाल यादव(40), साकिन भरकापारा थाना कोतवाली, आशीष श्याम कुंवर पिता रविन्द्र श्याम कुंवर(30), साकिन शांति नगर, चिखली, सोनू गजभिये पिता आनंद गजभिये, (28), साकिन शांति नगर, चिखली द्वारा नशे के हालत में हो हल्ला कर उत्पात मचाते हुए शांति व्यवस्था भंग करना पाये जाने पर धारा 151 जाफौ के तहत मौके पर गिरफ्तार कर धारा 107, 116 (3) जाफौ के तहत इस्तगासा कायम कर प्रतिबंधित करने कार्यपालिक दंडाधिकारी के न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि दरबारी तारम, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र देशमुख, जी. सिरिल, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा, रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, कुश बघेल, अविनाश झा एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष की विचारधारा सनातन विरोधी : कमलेश

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** 22 जनवरी को ऐतिहासिक श्रीराम लला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर्व को लेकर सनातनियों में बड़ा उत्साह है। इस दिन शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद पुनः श्रीराम जन्मभूमि को उसका गौरव प्राप्त होगा। विश्व की नज़रें इस आयोजन पर हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने इसे गौरवान्वित किए जाने वाला क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि-यह अवसर हजारों वर्ष में कभी एक बार आता है, जो भी इसका प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से हिस्सा बन रहे हैं वे सौभाग्यशाली हैं। जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर

विपक्ष की विचारधारा को सनातनी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि-श्रीमती सोनिया गांधी, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य कांग्रेस नेता व कुछ विपक्षी दल इस पर्व में शामिल न होने की बात कह रहे हैं। वे हमारे सनातन के गौरव को राजनीति से तोल रहे हैं। पूरा देश जिस अवसर पर पुनः दीवाली मनाने जा रहा है, वे अपने घरों की खिड़कियां बंद कर रहे हैं। ये सरासर उस देश की नैतिकता और धार्मिक भावना पर चोट है जिसके भरोसे उन्होंने 60-70 सालों तक राज किया। उन्होंने कहा कि-श्रीराम के राजधर्म उनकी मर्यादा की बात करने का विपक्ष को कोई अधिकार नहीं है। वे जन सरोकार और उसकी भावना को ठेस पहुंचाने से भी नहीं झिझक रहे हैं। श्रीमती सारस्वत ने कहा कि 22 जनवरी को पूरे उत्साह से देशभर में श्रीराम लला की प्रतिष्ठा पर जयकारे लगेंगे। इससे पूरा भारतवर्ष गूंजेगा। इस दिन सभी एक बार फिर दीवाली मनाएंगे। जिस तरह श्रीराम के वनवास से वापसी पर अयोध्या सजी थी वैसा ही पूरे भारत का होगा। श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी उत्सव भव्य होगा और हर घर, हर गांव, हर नगर, राज्य रौशन होगा।

## शक्कर कारखाने पहुंचे कलेक्टर इंद्रजीत
## उत्पादन बढ़ाने और व्यवस्था बेहतर करने के दिए निर्देश

**बालोद/नवप्रदेश।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के ग्राम करकाभाट स्थित माँ दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गन्ना कारखाना का उत्पादन बढ़ाने तथा कारखाने की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्री चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के उप संचालक को जिले में गन्ने की खेती की रकबा बढ़ाने हेतु उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने गन्ना कारखाना के अलग-अलग यूनिटों का निरीक्षण कर कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना में गन्ना के आवक एवं प्रसंस्करण प्रक्रिया का अवलोकन कर अधिकारियों से इसके संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से शक्कर कारखाना में प्रतिदिन होने वाले उत्पादन के अलावा

इसके लिए आवश्यक कच्चा माल आदि की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से प्रति एकड़ गन्ने का कुल उत्पादन तथा समर्थन मूल्य पर निर्धारित मूल्य आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को साफ-सुथरे गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने गन्ना कारखाने के प्रबंध संचालक कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कारखाने की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाने में उपस्थित गन्ना किसानों से बातचीत कर गन्ना उत्पादन एवं कारखाने की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, गन्ना कारखाना प्रबंध संचालक राजेन्द्र राठिया सहित केएल देवांगन, केपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शांतिकुंज परिवार ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, तिरपाल और चटाई

**हरिद्वार/नवप्रदेश।** इन दिनों पूरा उत्तर भारत ठंड की ठिठुरन की चपेट है। पहाड़ के साथ मैदानी क्षेत्र में भी पारा गिरा हुआ है। अत्यधिक ठंड को देखते हुए गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या व शैलदीदी ने गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल, चटाई और तिरपाल बाँटने हेतु टीम को निर्देश दिया। अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या व शैलदीदी ने कहा कि गायत्री परिवार अपने आराध्य पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी द्वारा बताये गये सूत्र-पीड़ित मानवता की निःस्वार्थ भाव से की गयी सेवा-सहयोग ईश्वर आराधना समान है। इसमें अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य करते रहना चाहिए। शांतिकुंज इस दिशा में अपनी स्थापना काल से ही पीड़ितों व जरूरतमंदों की सेवा-सुश्रुषा करता आ रहा है। शांतिकुंज टीम ने खुले आसमान के नीचे गंगा तटों पर रहने वाले साधुओं को देर रात में कंबल, त्रिपाल और चटाई दी। अनेक साधु ठंड से कांप रहे थे, जिन्हें कुछ राहत मिली। शांतिकुंज टीम ने चण्डीघाट व बैरागीद्वीप में बने रैन बसैरा, खड़खड़ी, भारतमाता मंदिर, पावन धाम, सर्वानंद घाट, गंगा तट के भागीरथ बिंदु से लेकर ठोकर नं. 16 के निकट खुले आसमान एवं गंगा तट के निकट रहने वाले 400 से अधिक साधुओं और जरूरतमंदों में कंबल बाँटी। कंबल बाँटने गयी टीम में नरेन्द्र ठाकुर, संतोष कुमार, मंगल सिंह गढ़वाल, पद्माकर लांजेवार, अरुण तोमर, आसमान नेताम आदि शामिल थे।

### दो कोचियों से 67 पौवा शराब जप्त

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं, जिसके तहत 11 जनवरी को थाना बेमेतरा एवं बेरला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने एवं बिक्री करने हेतु परिवहन करने का 2 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों सतीस बघेल पिता सत्यनारायण बघेल उम्र 20 साल साकिन भोईनाभाठा थाना व जिला बेमेतरा, ललित चंदेल पिता उदयराम चंदेल उम्र 25 साल साकिन अतरगढी थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

## विवेकानंद जयंती पर स्कूली छात्रों ने किया नगर भ्रमण

**नवागढ़/नवप्रदेश।** शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राएं विवेकानंद व भारत माता की वेशभूषा में पहुंचे थे। विद्यालय से रैली निकाली गई जो कि महामाया पारा से शंकर नगर नवागढ़ तक भ्रमण किया। जहां छात्र-छात्राओं ने हाथों में झंडा लेकर विवेकानंद के नारे लगाते हुए उनके विचारों व आदर्शो पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के द्वारा विविध कार्यक्रम जैसे गीत,भाषण,कविता आयोजन किया गया। विद्यालय प्रमुख विरेन्द्र जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देते हुए

कहा कि 12 जनवरी भारतीय इतिहास के गौरवमयी दिनों में से एक है। ये दिन करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानन्द की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद न सिर्फ भारत अपितु पूरे दुनिया में अपने विचारों के लिए जाने जाते है। हमें अपने जीवन में कम से कम एक विचारों को अपनाते हुए उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार साहू ने आभार प्रकट किया।

### राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह के साथ मनाया

**हरिद्वार/नवप्रदेश।** देवसंस्कृति विश्वविद्यालय एवं शांतिकुंज परिवार ने राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह के साथ मनाया। शांतिकुंज में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं युवा जागरण गीत के साथ हुआ। इस मौके पर अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि हम सभी के लिए यह समय दोगुना उत्साह के संचार का है। एक ओर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, वहीं दूसरी ओर भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर रखने वाले युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन-राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। स्वामी जी सदैव सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते रहे। देवसंस्कृति विवि की कुलसंरक्षिका शैलदीदी ने कहा कि स्वामीजी जो कहते, उसे जीवन में समर्पण व पारदर्शिता के साथ अपनाते रहे। यही कारण था कि वे बड़े से बड़ा कार्य संपन्न कर पाये। आज के युवाओं को उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए।

## 22, 26 और 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज एक पत्र जारी कर 22 जनवरी 2024 (सोमवार) अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर, 26 जनवरी 2024 (शुक्रवार) को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी 2024 (मंगलवार) को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसरों पर जिले में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एफएल -1 (घघ), सीएस -2 (घघ), सीएस -2 (घघ-कम्पोजित) एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार बंद करने के आदेश दिए हैं।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 8335 दिनांक 11.01.2024
वार्ड का नाम- 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N00707 जो कि निगम अभिलेख में श्री GULAB BAI JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती VIJAY LAL JAIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री SMT KAILASHI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SOHAN NATH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख/** शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
**श्री दिनेश कोसरिया**
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 8356 दिनांक 11.01.2024
वार्ड का नाम- 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446K00202 जो कि निगम अभिलेख में श्री MOTUMAL ADWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MIHAMAL ADWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री AMIT KUMAR DHRUW पिता/पति श्री/श्रीमती S/O RAM BHAROSE DHRUW ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख/** शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
**श्री दिनेश कोसरिया**
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 8394 दिनांक 11.01.2024
वार्ड का नाम- 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446Q01152 जो कि निगम अभिलेख में श्री BALRAM पिता/पति श्री/श्रीमती LT. POSHAN SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री PREM KUMAR EKKA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O CHARIST RIMON EKKA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख/** शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
**श्री दिनेश कोसरिया**
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 8303 दिनांक 11.01.2024
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446S00058 जो कि निगम अभिलेख में श्री SOWRAV GHOSH, SUJATA GHOSH पिता/पति श्री/श्रीमती SHIV PRASHAD GHOSH, SOWRAV GHOSH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री BIJENDRA SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती S/O TARKESWAR SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख/** शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
**श्री दिनेश कोसरिया**
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 6215 दिनांक 11.01.2024
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651K00584 जो कि निगम अभिलेख में श्री PRABHA NAIDU पिता/पति श्री/श्रीमती DILIP KUMAR NAIDU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री ANAND NAIDU पिता/पति श्री/श्रीमती DILIP KUMAR NAIDU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **WILL DEED AND AFFADIVIT AND LETTER OF CONSENT/** शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
**श्री दिनेश कोसरिया**
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण**

(जी.क्रमांक-06274)

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-44, 45 दिनांक 07.12.2023, सिस्टम नम्बर क्रमशः -149821, 149822 को आमंत्रित की गई निविदा में सभी निविदाकार अपात्र होने के कारण निविदा निरस्त की जाती है।

जी- 07085/3

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**धमतरी (छ.ग.)**

**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर (छ.ग.)**
दुरभाष नम्बर / फैक्स नम्बर-0771-4033397 ई. मेल- icpsraipur@gmail.com
क्रमांक/1660/मबावि/भण्डार/मि.वा./2023-24 रायपुर, दिनांक 11.1.2024

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

रायपुर जिले के शासकीय बाल देखरेख संस्था, शासकीय बाल गृह (बालक) शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह, शासकीय प्लेस आफसेफ्टी, माना कैम्प रायपुर, एवं शासकीय बालिका गृह, शासकीय नारी निकेतन, सखी वन स्टाप सेंटर खम्हारडीह रायपुर हेतु वर्ष 2024-25 में लगने वाली दैनिक उपयोगी एवं खाद्य सामग्री क्रय करने फर्म / संस्था से दिनांक 16.02.2024 तक समय दोपहर 2:00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला रायपुर में निविदा आमंत्रित है।

निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालयीन समय में अवलोकन की जा सकती है। निविदा दिनांक 19.02.2024 को समय शाम 4:00 बजे रायपुर में निविदा खोले जाने का दिनांक, स्थान परिवर्तन व समय परिवर्तन होने पर पृथक से सूचित किया जायेगा। निविदा का फॉर्म 500 रूपये मुख्य शीर्ष 0235 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण 'घ' 800 अन्य प्राप्तियों में चालान जमा कर रसीद की प्रतिलिपि दिखाकर कार्यालय से दिनांक 15.02.2024 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

जी- 07071/3

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. 7)**
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID -rmczone7@gmail.com

**ईश्तहार**

पत्र क्र. /8087 रायपुर, दिनांक 10.01.2024
वार्ड का नाम - 37 तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया है कि वार्ड 37 स्थित भवन/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR717C0183C जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती HARISH CHHABDA पिता /पति श्री/श्रीमती PINJAMAL CHHABDA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सौरभ रोलिंग मिल प्रा. लि. तेलघानी नाका रायपुर द्वारा डायरेक्टर महेन्द्र गुप्ता पिता/पति श्री/श्रीमती रामरतन गुप्ता ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र , दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखतें हैं , प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**(जोन कमिश्नर )**
**जोन -7**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. 7)**
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID -rmczone7@gmail.com

**ईश्तहार**

पत्र क्र. /8088 रायपुर, दिनांक 10.01.2024
वार्ड का नाम - 37 तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया है कि वार्ड 37 स्थित भवन/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR717C0183D जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BUMBLESHWARI DEVLOPERS PVT LTD DWARA SUMEET KUKREJA पिता /पति श्री/श्रीमती JAGGUMAL KUKREJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सौरभ रोलिंग मिल प्रा. लि. तेलघानी नाका रायपुर द्वारा डायरेक्टर महेन्द्र गुप्ता पिता/पति श्री/श्रीमती रामरतन गुप्ता ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र , दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखतें हैं , प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**(जोन कमिश्नर )**
**जोन -7**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सुहेला प.ह.नं. 34

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सुहेला प.ह.नं. 34 तहसील सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक पुसऊराम वर्मा पिता खेदूराम वर्मा निवासी ग्राम मोप्भ्हभट्ठा तहसील सिमगा बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सुहेला प.ह.नं. 34 तहसील सुहेला में स्थित भूमि आवेदक पुसऊराम वर्मा पिता खेदूराम वर्मा एवं खुबीराम वर्मा पिता घसियाराम के शामिल नाम पर भू-स्वामी हक में खसरा नम्बर 450/5 रकबा 0.0200 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/01/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सिमगा**

**कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
फोन/फैक्स नंबर 07700-251887
ईमेल- cmonagri84@gmail.com
क्र./865/न.पं. / राजस्व/2023-24
नगरी, दिनांक 09/01/24

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौरव तिवारी पिता विनोद कुमार तिवारी जाति ब्राम्हण, नगर पंचायत नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा निकाय क्षेत्रांर्गत दमकाडीही, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 02, बड़े झाड़ की जंगल की भूमि पर काबिजदार (01) श्रीमति इन्द्रा बाई पति देवकरण साहू (02) रामचंद साहू पिता देवकरण साहू के नाम स्थित काबिज भूमि मलमा (12 डिसमिल में से 09 डिसमिल) को खरीदी बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। विक्रेतागण का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 01 की मांग संख्या 305 पर दर्ज है। निकाय के कर संग्रहण पंजी से विक्रेतागण का नाम विलोपित/संशोधित कर आवेदक अपना नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 09/02/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी**

**कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
फोन/फैक्स नंबर 07700-251887
ईमेल- cmonagri84@gmail.com
क्र./867/न.पं./राजस्व/2023-24
नगरी, दिनांक 09/01/2

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सागर पिता लालाराम नेताम जाति गोंड़, नगर पंचायत नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है, उनके द्वारा निकाय क्षेत्रांर्गत दमकाडीही, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 02, बड़े झाड़ की जंगल की भूमि पर काबिजदार (01) श्रीमति इन्द्रा बाई पति देवकरण साहू (02) रामचंद साहू पिता देवकरण साहू के नाम स्थित काबिज भूमि मलमा (12 डिसमिल में से 03 डिसमिल) को खरीदी बिक्री पत्र के माध्यम से क्र किया गया है। विक्रेतागण का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड कं. 01 की मांग संख्या 305 पर दर्ज है। निकाय के कर संग्रहण पंजी से विक्रेतागण का नाम विलोपित / संशोधित कर आवेदक अपना नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति / संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 09/02/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी**

**यूको बैंक UCO BANK** Honours Your Trust | **शाखा कार्यालय : कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक, कुरूद शाखा, धमतरी (छ.ग.)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी- मेसर्स गायत्री सॉ मिल, प्रोप. श्री जगदीश राम साहू,** सरोजीनी चौक, चर्रा रोड, कुरूद, जमानतदार- श्रीमती मिलांतीन बाई साहू पति- जगदीश राम साहू, ग्राम- बांगर, कुरूद । **संपत्ति के मालिक- श्रीमती मिलांतीन बाई साहू** | खसरा नं. 571/3 (भाग), प.ह.नं. 29/35, सरोजीनी चौक, वार्ड नं. 03 (नया वार्ड नं. 08), चर्रा रोड, तहसील- कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) भूमि का क्षेत्रफल- 12,158 वर्गफीट । **चौहद्दी: पूर्व-** कुंवर की भूमि, **पश्चिम-** सड़क, **उत्तर-** यशवंत की भूमि, **दक्षिण-** मेहत्तर की भूमि। | 26.10.2023 / 08.01.2024 | ₹ 15,16,627.73 (13.10.2023 तक शेष राशि में ब्याज 31.07.2023 तक शामिल है) |

दिनांक: 12.01.2024 स्थान- कुरूद (छ.ग.) मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

## भाजपा आईटी सेल की हुई बैठक

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** भाजपा कार्यालय में जिला आईटी सेल की प्रथम बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने दी तथा सभी नवीन दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाए दी एवं सभी को अपने कार्य को निष्ठापूर्वक करने के लिए मार्गदर्शन किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक सौरभ मिश्रा ने नवीन कार्यकारिणी गठन होने के पश्चात सभी को उनके दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दी। सहसंयोजक पीयूष शर्मा ने कहा कि यह जो आईटी सेल का दायित्व हमें मिला है। इस बैठक में जिला आईटी सेल के निखिल जैन, राजेश मारकंडे, राजू साहू, वैभव यादव, मनोज पटेल, पीयूष राजपूत, बलराम सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, पलाश दुबे, अनिल वर्मा, बलराम राय, भुनेश्वर बघेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भीम रेजिमेंट ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**साजा/नवप्रदेश।** भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के द्वारा गुरुवार 11 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी साजा एवं थाना प्रभारी साजा को ज्ञापन सौंपा गया कि ग्राम सोमाईखुर्द साजा में हमारे आस्था के प्रतीक जैतखाम में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा भगवा झंडा गड़ा कर दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ था, इस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा सतनामी समाज के लोगों के ऊपर ही दुर्भावना वश सबंधित धारा के अंतर्गत एफआईआर कर दिया गया, जबकि मामले में काउंटर केश होना था। थाना प्रभारी को 29 दिसंबर 2023 आवेदन देने के बाद भी आज दिनांक तक एफआईआर कार्यवाही करने में विलंब है। भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के द्वारा 16 जनवरी मंगलवार को थाना साजा घेराव करेगा।

## गायत्री महायज्ञ में आहुति डाल रहे परिवारजन

**साजा/नवप्रदेश।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मां गायत्री शक्तिपीठ साजा के द्वारा 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन नगर के दुर्गामंच पुराना बाजार चौक में 9 जनवरी से प्रारंभ हुआ। जिसमें प्रथम दिवस नगर में महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। वहीं प्रतिदिन सैकड़ों लोगों द्वारा इस महायज्ञ में शामिल होकर आहुति डाली जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगा ले जाने की रिपोर्ट 7 जनवरी को छुरिया थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस प्रार्थीया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 07/2024 धारा 363, 366 भादवि कायम कर विवेचना में लिया था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग (16 वर्ष 6 माह) को दिनांक 7 जनवरी की रात 11 बजे आरोपी भूपेन्द्र निषाद, निवासी ग्राम कोनारी, थाना डोंगरगांव के द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

# कलेक्टर-एसपी ने किया कस्तूरबा छात्रावास का औचक निरीक्षण

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर रणबीर शर्मा व पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने आज कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर बेमेतरा का औचक निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर ने विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, आवासीय व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन करते हुए बालिकाओं से बातचीत कर उनकी रूचियों, जरूरतों, शिक्षा व्यवस्था एवं आवासीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में आगे बढ़ने हेतु उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों से छात्रावास की दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उन्हें खूब मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने निर्धारित मेनू अनुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हॉस्टल में दर्ज बच्चों की संख्या व रिक्त सीटों की जानकारी लेकर बच्चों को शासन

द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए है कलेक्टर श्री शर्मा एवं एसपी ने कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्राओं से परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते पूछा कि सुबह में क्या खाने को मिला, अच्छा खाना मिल रहा है या नहीं। क्लास सही से चल रही है या नहीं। यहां रहने में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है आदि की जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षिका को कमजोर छात्राओं के लिए सम्बन्धित विषय की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के लिए कहा, ताकि बोर्ड परीक्षा की उनकी तैयारी समय रहते पूर्ण हो सके। कलेक्टर एवं एसपी ने सातवीं की छात्रा चांदनी कुर्रे, स्नेहा यादव, कंचन व आठवीं की छात्रा सरस्वती पात्रे, प्रियंका चंदेल, तनीशा रात्रे एवं अन्य बच्चों से बात की और उन्होंने छात्राओं से कुछ सवाल भी किए, जिसका जवाब सुनकर वे खुश हो गए। इस दौरान छात्राओं ने कलेक्टर, एसपी, पायलट, टीचर एवं डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर की, जिस पर कलेक्टर एवं एसपी ने बच्चों से अपने भविष्य के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प से मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, एसडीएम सुरुचि सिंह, डीईओ अरविंद मिश्रा सहित शिक्षक और अधिकारी उपस्थित थे।

# खेल में जो रम जाता है, वो हर परिस्थितियों में बने रहता है मजबूत : प्रतीक्षा भंडारी

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम तिलई में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा के आयोजन में जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी मुख्य अतिथि थी। उन्होंने इस दौरान आयोजकों और खिलाड़ियों को उत्साह और ऊर्जा के साथ स्पर्धा के रोमांच का आनंद उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि-खेल एक साधना है। इसमें जो रम गया उसे क्रमशः जीवन की सभी स्थितियों में मजबूत बने रहने का हौसला और अनुभव हासिल हो जाता है।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती भंडारी ने कहा कि-कबड्डी शारीरिक सौष्ठव और मानसिक तैयारी वाला खेल है। इसमें सामूहिक निर्णय, योजना और हर

खिलाड़ी की नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। भागीदारी और एक-दूसरे के सहयोग की भावना का विकास होता है। यह सभी पहलु व्यक्ति के जीवन में बड़ा प्रभाव डालता है, जिससे व्यापक लाभ होता है। उन्होंने आयोजक समिति अध्यक्ष आशीष साहू, रिकेश, केतन, मोंटू, त्रिदेव, राहुल, भूपेश, अनुराग, जतिन, तुषार, प्रेम, अमन, तारकेश, मितेश, अयान, चिंटू, समीर, विकास, सागर, रोशन, शैलेंद्र की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहतर आयोजन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रविंद्र रामटेके, रामेश्वरी साहू, सूर्यकांत भंडारी, भुवन साहू, टिकाराम साहू, कमलेश साहू, गोवर्धन साहू, खिलावन साहू, टेमन सेन, भागीरथी साहू, पवन कुमार देशलहरे, सुरेंद्र साण्डे, उमेश टंडन सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

# रामायण श्रवण से मानव जीवन हो जाता है कृतार्थ : योगेश

■ जेवरी में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण में शामिल हुए किसान नेता

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेवरी में आयोजित पांच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रभु श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है, इस पवित्र धरा के मानस मंच से अविरल ज्ञान की गंगा बह रही है। हम सभी को इस ज्ञानरूपी गंगा में डुबकी लगाना है। हम सभी भाग्यशाली हैं, जो आज भगवान श्री रामचन्द्र जी की कथा का रस पान कर रहे हैं। गावों में श्री अखंड नवधा रामायण भक्तिमय वातावरण में आयोजन किया जा रहा है। अखंड नवधा रामायण हमारी

छत्तीसगढ़ी संस्कृति का आधार है। श्री अखंड नवधा रामायण के श्रवण मानव जीवन कृत कृत हो जाता है। प्रभु श्रीराम ने प्रेम दया व समानता के भाव से मर्यादा में रहकर एक पुत्र, पति, भाई व एक राजा की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इस अवसर पर सरपंच पंचराम डोंडे, अध्यक्ष दौलत साहू, उपाध्यक्ष तानसेन साहू, सचिव डॉक्टर टोपसिंह साहू, कोषाध्यक्ष रामजी साहू, संरक्षक मोहन साहू, संचालक दामन साहू, जितेंद्र साहू, चम्मन गोस्वामी, नरेंद्र शुक्ला, खोमलाल साहू, धनीराम साहू, सुरज शुक्ला, लाल सिंह साहू, दिलेश्वर साहू, हेमकुमार साहू, छबीराम साहू टेलर, गिरधारी साहू, चेतन साहू, टीकाराम साहू पूर्व सरपंच, नेतराम साहू, कमलेश साहू मुक्तानंद साहू आदि उपस्थित थे।

# भक्त माता राजिम जयंती में शामिल हुए विधायक साव

**भाटापारा/नवप्रदेश।** धर्म नगरी, त्रिवेणी संगम स्थल राजिम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, साहू समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंह साहू की अध्यक्षता में, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग थानेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में इन्द्र साव विधायक भाटापारा, संदीप साहू विधायक कसडोल एवं जयदत्त क्षीर सागर अखिल भारतीय तैलीक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के

निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज आज संगठित समाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज को परिश्रम और त्याग की भावना साथ बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। जहां सभी का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भक्त माता राजिम एवं भक्त माता कर्मा के बताये मार्ग पर हमें सदैव चलना चाहिए। आज हमारा समाज शिक्षा, कृषि, व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में रख कर सदैव प्रगतिशील रहने की कामना की। कार्यक्रम के पूर्व भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने भगवान राजीम लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा कर प्रदेश और समाज की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को भक्त माता राजिम जयंती की बधाई भी दी।

## सत्यम का नेशनल खो खो के लिए चयन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** दीप क्लब कोदवा के स्टार खो खो प्लेयर सत्यम वर्मा पिता रामायण वर्मा का पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी से खो खो नेशनल का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। इसके लिए जिला खेल अधिकारी प्रीति बांछेर, विकासखंड खेल अधिकारी शरद पंसारी, स्पोर्ट इंचार्ज जितेंद्र यादव टीम मैनेजर सुब्बू मानिकपुरी, प्रोफेसर अमित एवं दीप क्लब के सदस्य सुनील वर्मा,सागर वर्मा, पुरुषोत्तम यदु,दौलत वर्मा, रामसता वर्मा, रामेश्वर वर्मा,ऋषि यदु, धनेश्वर, वासुदेव वर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी।

# दर्री खुर्शीपार में लोगों को केन्द्र की योजनाओं की दी जानकारी

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** केंद्र सरकार की महती योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने गुरुवार 11 जनवरी को संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन डोंगरगांव के ग्राम खुज्जी दर्री, खुर्शीपार में हुआ। उक्त शिविर में उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया। ग्राम दर्री के शिविर में ,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी डोंगरगांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ,डॉ नीरेंद्र साहू ,महेश्वर साहू लक्ष्मी नारायण

पंच त्रिवेणी साहू,डोमन साहू, बेदु राम साहू,,प्रियंका देवांगन, आदि उपस्थित थे। शिविर में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बिहान समूह की महिलाओं की नाटिका धरती कहे पुकार की प्रस्तुति ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। महिला बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया जिसका जायका लोगों ने लिया।

सेन,सरपंच श्रीमती हरिला साहू, उप सरपंच संघपाल,पूर्व उपसरपंच ओम प्रकाश ठाकुर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी के शिविर में सरपंच सोनाली पंसारी,उपसरपंच अक्षय देवांगन,पंच कली बाई, रेखा बोरकर, सचिव लोकनाथ यदु,

## पिकअप से 163 बोरी धान जप्त

**कवर्धा/नवप्रदेश।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए 1 नवंबर 2023 से धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है। किसान धान खरीदी केन्द्र

में सुगमता से अपना धान विक्रय कर रहें हैं। अवैध धान के मॉनिटरिंग के लिए टीम गठित की गई है। जो लगातार निगरानी रख रहीं है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है। आज तहसील पंडरिया और बोड़ला अंतर्गत 2 प्रकरणों में 163 बोरी अवैध धान और पिकअप जप्त किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक ने बताया कि आज तहसील पंडरिया में 63 बोरी धान, पिकअप में अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाया गया। जिसे जब्त कर समिति प्रबंधक को सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही बोड़ला तहसील अंतर्गत ग्राम दुरुपुर में एसडीएम, तहसीलदार, फूड इनपेक्टर, मंडी निरीक्षक द्वारा संयुक्त कार्यवाही किया गया। व्यापारी द्वारा बिना अनुज्ञा के 100 बोरी धान क्रय एवं भंडारण किया गया था।

## हसदेव उजाड़कर मोदी अपने चहेतों को कर रहें उपकृत : इंद्र साव

**भाटापारा/नवप्रदेश।** विधायक इंद्र साव ने कहा कि देश में न कोयले की कमी है और न ही इनकी खदानों की परंतु केंद्र की भाजपा सरकार एक लंबे समय से इसका कृत्रिम अभाव पैदा कर आम-नागरिकों को छलने के काम में लगी हुई है।

जिसका परिणाम रेलवे के रवैये से साफ झलकता है। यात्री ट्रेनों को रोककर कोयले से लदी या इस कार्य में लगी मालगाड़ियों को निकालने में रेलवे प्रशासन सदैव सक्रिय दिखता है। विधायक इंद्र साव ने कहा कि कोयले का बहाना कर पेण्ड्रामार व हसदेव के जंगलों के पेड़ों की कटाई जोरशोर से जारी है। वहां के वनवासी आक्रोशित होकर कई

दिनों से आंदोलनरत है। सरगुजा अंचल के अंतर्गत हसदेव जंगल के घाटबर्रा कोल परियोजना के अंतर्गत लगभग 91 हेक्टेयर जमीन पर लगे पेड़ों के जंगल की कटाई शासन द्वारा करवाई जा रही है। जो 500 जवानों (पुलिसकर्मी) की सुरक्षा में कोल कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में वनवासियों की नाराजगी व आंदोलन के बावजूद बदस्तूर जारी है। इसके लिए वन विभाग व शासन ने अनुमति भी दे दी है। आम लोगों को एक-दो पेड़ों को काटने के लिए संबंधित विभागों की अनुमति लेने के लिए वर्षों चक्कर लगाना पड़ता है। प्रधानमंत्री के खास मित्रों को उपकृत करने व उनको लाभ पहुंचाने की गरज से इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ों को काटने की अनुमति देना अनेकों प्रकार के संदेहों को जन्म देता है। हसदेव अरण्य प्रदेश की प्राचीन विरासत व धरोहर है। जहां एक ओर इससे आदिवासी समाज का जीवन जुड़ा है। वहीं वनवासियों के घर के साथ-साथ उनके देवी-देवता, पूजन स्थल व प्राचीन संस्कृति को भी नष्ट किया जा रहा है।

## बिना हेलमेट 71 दुपहिया चालकों पर कार्यवाही

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात टीम द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही तेज कर दी है, जिसमें बिना हेलमेट में 71 प्रकरणों में 35500 रूपये, तीन सवारी 25 प्रकरण में 7500 रूपये एवं अन्य धाराओं में 7 प्रकरणों में 3000 रूपये कुल 105 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 57000 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। मॉडिफाई सायलेंसर में 2 बुलेट पर कार्यवाही कर वाहनों में 11000 रूपये जुर्माना वसूला गया। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। साथ ही साथ राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें एवं सुरक्षित रहें।

## अवैध शराब ले जाते 4 आरोपी सहित एक नाबालिग गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** गुरुवार 11 जनवरी को शराब की अवैध बिक्री करने ले जाते 5 लोग गिरफ्तार किए गए। उनमें एक नाबालिग शामिल था। ग्राम बोईडीह में अवैध शराब बिक्री हेतु शराब परिवहन करने की मुखबीर सूचना पर ओपी चिखली पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तेरा बंदी कर रेड़ कार्यवाही के दौरान आरोपी मनोज पारधी पिता स्व.चुनुलाल पारधी, (41), संजू उर्फ संजय नेताम पिता स्व. रूमसिंग नेताम (24) दोनों निवासी ग्राम बोईडीह, पुलिस चौकी चिखली से एक मोटर सायकिल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 08-एएस 5938 कीमती करीबन 50,000 रूपये व दो सफेद रंग की बोरी में रखे 197 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल कुल 35460 एमएल कीमती 15,760 रूपये एवं आरोपी सुमित पारधी पिता चिंकू पारधी (20), निवासी ग्राम बोईडीह, पुलिस चौकी चिखली व विधि से संघर्षरत बालक से एक मोटर सायकिल होंडा सीपी साईन क्रमांक सीजी 08-एवी 0776 कीमती करीबन 70,000 रूपये व 41 बोतल अंग्रेजी शराब प्रत्येक पौवा में 750-750 एमएल कुल 18000 एमएल कीमती 16,400 रूपये जुमला मात्रा 66.21 लीटर जुमला कीमती 32,160 रूपये को जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपीगण को कोर्ट पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि शत्रुहन टंडन चौकी चिखली, सउनि द्वारिका लाउत्रे, सउनि सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत राव सायबर सेल राजनांदगांव, प्रधान आरक्षक सुनील कुमार वर्मा, आरक्षक राजकुमार बंजारा, पुनमचंद साहू, अमित सोनी, परिवेश वर्मा, सायबर सेल राजनांदगांव का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# कलेक्टर ने नोडल, डीआरसीएस, समिति प्रबंधक, सुपरवाइजर को नोटिस के निर्देश

■ तौलाई में गड़बड़ी, धान में नमी और समिति में अव्यवस्था पर फटकार

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने बुधवार को समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने धान खरीदी केन्द्र मरौदा पहुंचे। केन्द्र में जारी धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मौके पर

तौलाई में गड़बड़ी, धान में नमी एवं समिति में सुचारू व्यवस्था नहीं होने पर मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहित समिति प्रबंधक, एवं सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरु, डीएमओ अमित चन्द्राकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर अग्रवाल ने मरोदा के धान उपार्जन केंद्र के धान आवक रजिस्टर पंजी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, किसानों के ऋण पुस्तिका की जानकारी, आर्द्रतामापी यंत्र, पुराने, नए बारदाने, धान के परिवहन की जानकारी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से चर्चा कर उन्हें धान बेचने की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में स्वयं ही बोरो में रखे धान के नमी स्तर आर्द्रतामापी यंत्र से जांचा और भरे हुए धान बोरों के वजन दोबारा कराया। इस पर तौल में सही वजन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करें।

## शासकीय कर्मचारी भी फार्म भरकर मतदाता सूची में कराए नाम दर्ज : शर्मा

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया गया है। दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य दिनांक 22 जनवरी 2024 तक किया जायेगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 13 एवं 14 जनवरी 2024 को विशेष शिविर का आयोजन मतदान केन्द्रों में किया जायेगा। मतांधिकार के प्रयोग के लिए आवश्यक है कि सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी भी निर्धारित फार्म भरकर अपने निवास/कार्य स्थल पर मतदाता सूची में नाम दर्ज करायें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी कर निर्देशित किया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में इस कार्यक्रम का विभिन्न प्रचार माध्यमों के ज़रिए व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। इसके अलावा जनसमान्य के मध्य होने वाले विभागीय कार्यक्रमों के दौरान भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उक्त कार्यक्रम की जानकारी लोगों को दी जावे।

# एसए 20 में डेब्यू लिए तैयार हैं पोलार्ड और पूरन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के स्टार निकोलस पूरन और कीरोन पोलार्ड एसए20 सीजन 2 में डरबन सुपर जाइंट्स और एमआई केपटाउन के साथ डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।निकोलस पूरन डीएसजी टीम में होंगे और अपने दिग्गज त्रिनिदाद और टोबैगो के हमवतन कीरोन पोलार्ड के खिलाफ आमने-सामने होंगे, जो एमआई केप टाउन की कप्तानी करेंगे।पूरन पिछले 12 महीनों में दुनिया भर के टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।पूरन ने इस मौके पर कहा, सबसे पहली बात तो यह कि मैं कोई सुपरस्टार नहीं हूं। मैं बस वही जारी रखना चाहता हूं जो मैं पिछले कुछ वर्षों से कर रहा हूं, जो निरंतर बना रहना और अपने साथियों को प्रदर्शन करने में मदद करना है।मैं एक टी20 विशेषज्ञ हूं... प्रशंसक बाहर आते हैं और टी20 क्रिकेट देखते हैं। मैं उस रास्ते पर चला गया हूं। मुझे लगता है कि टी20 अद्भुत है। न केवल खिलाड़ी बल्कि प्रशंसक भी टी20 क्रिकेट के प्रति आकर्षित हैं।पोलार्ड भी इस लीग का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैं कोशिश करने और बदलाव लाने के लिए आ रहा हूं, जाहिर तौर पर टीम के नजरिए से हमारा पिछला सीजन उतना अच्छा नहीं रहा, लेकिन इस बार हम अपने फैंस को निराश नहीं करना चाहेंगे।

## किशोर जेना पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेंगे, मीराबाई अमेरिका जाएंगी

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि युवा मामले और खेल मंत्रालय ने अपनी नवीनतम बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता जेना 78 दिनों तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत, जेना, उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के हवाई किराए, बोर्डिंग और आवास व्यय के साथ-साथ प्रशिक्षण और मालिश सुविधाओं का लाभ उठाने की लागत, चिकित्सा और स्थानीय यात्रा व्यय और अन्य व्ययों के बीच चिकित्सा बीमा लागत का वित्तपोषण करेगा। इस बीच टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू सेंट लुइस में एक महीने के पुनर्वास प्रशिक्षण के लिए अमेरिका जाएंगी। वह एरोन होर्शिग के साथ नियमित सत्र करेंगी और इस दौरान उनके साथ मुख्य कोच विजय शर्मा भी होंगी। टॉप्स फंडिंग के तहत मंत्रालय, उनके और उनके कोच के हवाई किराए, बोर्डिंग और लॉजिंग लागत, जिम खर्च, चिकित्सा बीमा लागत सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा। एमओसी ने पहलवान दीपक पुनिया , आशु और रोनित शर्मा के विदेश में प्रशिक्षण के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है।

# कोरोना की चपेट में आए सैंटनर, टी20 मैच से बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सैंटनर कोरोना की चपेट में हैं और इसी वजह उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच से बाहर कर दिया गया है। कोविड टेस्ट का रिजल्ट आने के बाद इस कीवी ऑलराउंडर को ऑकलैंड में टीम होटल में आइसोलेशन में रखा गया है। यहां से वो अपने घर हैमिल्टन जाएंगे, जहां रविवार को दूसरा टी20 मैच होने वाला है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में बताया, मिचेल सैंटनर कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद आज शाम को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच नहीं खेलेंगे। आने वाले दिनों में उनकी निगरानी जारी रहेगी। इसके अलावा दूसरे टी20 मैच के लिए भी वो टीम से अलग ट्रैवल करेंगे।अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से सैंटनर कीवी टीम के लिए अहम खिलाड़ी हैं। इसलिए, मेजबान टीम को उनकी कमी खलेगी।

# जोकोविच, सबालेंका चैरिटी मैच के लिए टीम में हुए शामिल

**मेलबर्न।** मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका रॉड लेवर एरेना में खचाखच भरे दर्शकों के सामने ग्रीक सितारों स्टेफानोस सितसिपास और मारिया सकारी के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन चैरिटी मैच के लिए टीम में शामिल हुए। यह मुकाबला एक चैरिटी मैच है। इसके टिकट से होने वाली कमाई ऑस्ट्रेलियाई टेनिस फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों के लिए कई प्रकार की चैरिटी का समर्थन करेगी।ए नाइट विद नोवाक एंड फ्रेंड्स इस सप्ताह विस्तारित ऑस्ट्रेलियन ओपन ओपनिंग के हिस्से के रूप में आयोजित होने वाले शाम के चार चैरिटी मैच कार्यक्रमों में से एक है।टूर्नामेंट की वेबसाइट के हवाले से सबालेंका ने कोर्ट पर जाने के बाद कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह मेरी पसंदीदा जगह है। मुझे आज रात इन महान खिलाड़ियों के साथ जुड़कर खुशी हो रही है और उम्मीद है कि आप हमारे मैचों का आनंद लेंगे।जोकोविच के साथ टीम बनाने से पहले उन्होंने हंसते हुए कहा, मैं उस पर थोड़ा दबाव डालूंगी।जोकोविच और सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में विस्तारित 15-दिवसीय मुख्य ड्रॉ में खेल के पहले दिन रविवार को अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगे।

## डीपीएल ट्रॉफी पर ग्वालियर का कब्जा, भोपाल को 16 रनों से हराया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मैहर में इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर खेले गए पहले राष्ट्रीय दिव्यांग प्रीमियर लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में ग्वालियर ने भोपाल को 16 रनों से शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में तीन दिन तक चले डीपीएल का फाइनल मैच ग्वालियर और भोपाल के बीच खेला गया। फाइनल में भोपाल ने टॉस जीतकर ग्वालियर को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ग्वालियर ने निर्धारित 15 ओवर में 156 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, ग्वालियर के 157 के लक्ष्य को पाने उतरी भोपाल दिव्यांग टीम 140 रन ही बना पाई और ग्वालियर ने 16 रनों से फाइनल मुकाबला जीत लिया। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन मध्य प्रदेश और मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित डीपीएल के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सतना के महापौर योगेश ताम्रकार और कार्यक्रम की अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. स्वप्ना वर्मा ने विजेता और उप विजेता के साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षण के पुरस्कार प्रदान किए।

# शमी के हमशक्ल से प्रशंसका दुविधा में

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी का सोशल मीडिया पर सोशल मीडिया पर उनके एक हमशक्ल का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में टोपी और जैकेट पहना एक शख्स नजर आ रहा है जिसने कई लोगों को कन्फ्यूज कर दिया है। इस शख्स को अगर आप कहीं दूर से देखेंगे तो यही समझेंगे कि ये भारतीय टीम के गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं। मगर ये मोहम्मद शमी नहीं बल्कि उनके हमशक्ल हैं।

वीडियो बनाने वाला शख्स उनसे बॉलिंग की नकल करने के लिए भी कहता है, जिसके बाद वह मोहम्मद शमी के अंदाज में बॉलिंग की नकल करते हुए दिखाई देते हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो को माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर @RVCJ_FB नाम के पेज से शेयर किया गया है।

खबर लिखे जाने तक वीडियो को 99 हजार से अधिक लोगों ने देख लिया है। वीडियो देखने के बाद एक यूजर ने लिखा- इंडियन टीम में ले लो, क्या पता बॉलिंग भी आती हो। दूसरे यूजर ने लिखा- हल्की आंच का शामी है ये तो। एक अन्य यूजर ने लिखा- बराबर सुखने दो अभी मोहम्मद 'नमी' है।

## बिजनेस

# गुजरात में बनेगी देश की पहली मेक इन इंडिया मेमोरी चिप

**नई दिल्ली।** भारत जल्द चिप का उत्पादन शुरू करेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक गुजरात में वर्ष 2024 में देश की पहली मेक इन इंडिया चिप का उत्पादन होगा। उन्होने वाइब्रेंट गुजरात समिट में यह बात कही। गौरतलब है कि भारत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का निर्माण करने जा रहा है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन से शुरू हुई वाइब्रेंट गुजरात समिट एक ऐसा मॉडल है जिसके कारण गुजरात में नई टेक्नोलॉजी और नए उद्योग आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस अमृत काल की पहली वाइब्रेंट समिट बताते हुए कहा कि, इस समिट में जिस तरह के एमओयू और एग्रीमेंट हुए हैं, वह विकसित भारत बनने की शुरुआत है। गुजरात के पास प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के लिए सक्षम मशीनरी है। वाइब्रेंट गुजरात समिट में आयोजित सेमिनार में अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजय मेहरोत्रा ने राज्य एवं भारत सरकार के अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि, वह दिन दूर नहीं जब भारत में मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का निर्माण होगा। सेमीकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेमिनार में गुजरात सरकार और कोरियाई कंपनी सिमटेक के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही, माइक्रोन और नेनटेक तथा सिस्को एवं नेनटेक के बीच भी सहभागिता के लिए करार पर हस्ताक्षर किए गए।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) सेमीकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेमिनार में गुजरात को 'ग्लोबल डेस्टिनेशन फॉर सेमिकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग' बनाने का विश्वास व्यक्त किया। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि गुजरात सेमीकंडक्टर पॉलिसी जारी करने वाला देश का पहला राज्य है। भारत में टेक्नोलॉजी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। हेल्थ, एग्रीकल्चर या लॉजिस्टिक्स, मानव जीवन को छूने वाले सभी क्षेत्रों में स्मार्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ता जा रहा है।उन्होंने कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हमारे रोजमर्रा के जीवन में शामिल हो रहे हैं। इन सभी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के मूल में सेमीकंडक्टर चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स ही मौजूद हैं।दुनिया को इस संबंध में एक विश्वसनीय चिप सप्लाई चेन की आवश्यकता है।पटेल ने कहा कि दुनिया की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए दुनिया को एक मजबूत सप्लाई चेन प्रदान करने में सक्षम है, और गुजरात इसमें अग्रणी योगदान दे सकता है।

## यूटीआई मिड कैप फंड : बाजार की संभावित स्वीट स्पॉट से लाभ

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की जिंदगी के बीच कंपनियां विकास और संतृप्ति के दौर से गुजरती हैं। मिड कैप कंपनियां विशिष्ट व्यावसायिक दौर में एक अवधि पर कब्जा कर लेती हैं, जिसमें कंपनियों ने छोटी कंपनियों में निहित चरण को सफ्लतापूर्वक पार कर लिया है। जैसे प्रारंभिक पूंजी जुटाना, प्रारंभिक विकास चुनौतियों का प्रबंधन करना। हालांकि, इन कंपनियों के नेतृत्व को बनाए रखने, महत्वपूर्ण अन्तर के साथ काम करने की संभावना है, और वे इतनी बड़ी नहीं हैं कि तेजी से बढ़ने की उनकी क्षमता निराशाजनक हो। इसलिए, मिड-कैप कंपनियां तेजी से बढ़ते छोटे व्यवसायों और अच्छी तरह से स्थापित बड़ी कंपनियों के बीच एक अच्छा स्थान प्रदान कर सकती हैं। मिड कैप स्टॉक लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों के बीच आते हैं और आमतौर पर कंपनियों के बाजार पूंजीकरण के आधार पर निर्धारित होते हैं। सेबी की परिभाषा के अनुसार, पूर्ण बाजार पूंजीकरण के हिसाब से 101वीं से 250वीं कंपनी मिड कैप स्टॉक हैं।

# यूको बैंक के केस में डीआरटी ने पारित किया संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**रायपुर।** न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी) जबलपुर के रिकवरी आफिसर वात्सल्य कुमार के आदेश पर नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर महेश पाण्डेय के द्वारा 14 साल पुराने एनपीए खाते में चूककर्ता सुखमती साहु व अन्य की बंधक संपत्ति की कुर्की का आदेश पारित किया गया है।डीआरटी के आदेश पर एडवोकेट कमिश्नर ने की कार्यवाहीयूको बैंक कोरबा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक लालचंद पवार ने जानकारी देते हुये बताया कि उक्त डाईवारटेड संपत्ति शिवचरण थवाईट एवं खगेशवर थवाईट एंव भगवत प्रसाद थवाईट के नाम पर खसरा नं. 321/1 रकबा (39676 वर्ग फिट) मुड़ापार कोरबा (छ.ग.) में स्थित में है और डीआरटी के आदेश पर पुलिस की सहायता से संपत्ति की 09.01.2024 को कुर्की की गई।इस संपत्ति को यथा शीघ्र बेचकर बैंक की बकाया राशि की वसूली की जावेगी। लेकिन जो डिफ़ॉल्टर सक्षम होते- हुये भी बैंक का पैसा नहीं लौटाते उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है। पाण्डेय का कहना है कि जानबूझकर पैसा ना चुकाने वाले डिफॉल्टर और उनके जमानतदारों के खिलाफ डीआरटी अब ऐसे ही कार्यवाही करने वाली है।कार्यवाही के दौरान मौके पर शाखा प्रबंधक व एडवोकेट कमिश्नर के साथ। तहसीलदार के आदेश पर पटवारी शाखा समेत अन्य स्टाफ मौजूद थे।एडवोकेट कमिश्नर पाण्डेय ने आगे जानकारी देते हुये बताया कि यह कार्यवाही डीआरटी जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर के आदेश पर जानबूझकर बैंक का पैसा ना देने वाले डिफ़ॉल्टर पर की गई है। डीआरटी के आदेश पर उनकी चल अचल सम्पत्तियों की कुर्की और बिक्री सहित उनकी गिरफ्तारी और सिविल जेल की कार्यवाही की जाती है। साथ ही यह भी बताया कि बैंक के पास समझौते की विभिन्न स्कीमें हैं जिनमें बैंक अच्छे रियायती दरो पर समझौता करती है।

# लाल सागर संकट से बाधित हो सकती हैं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महामारी के बाद भारत में डिजिटल ऋण में तेजी से वृद्धि देखी गई है और साथ ही, इसने व्यापार आचरण के कई मुद्दों को भी उठाया है जिस पर केंद्रीय बैंक कड़ी नजर रख रहा है।

उन्होंने एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, विभिन्न नियामक दुविधाएँ उभरी हैं जिनमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना पड़ा है। एक तरफ फिनटेक के नवोन्मेषी बिजनेस मॉडल से होने वाले ग्राहक लाभ और दूसरी तरफ उभरते व्यावसायिक आचरण तथा नियामक चिंताओं के बीच संतुलन जरूरी था।विनियामक उद्देश्य नवोन्वेषी डिजिटल व्यवसाय मॉडल के लाभकारी प्रभावों को बरकरार रखते हुए नकारात्मक कारकों पर लगाम लगाना था।उन्होंने कहा कि इन दिशानिर्देशों के जारी होने के बाद निजी इक्विटी पर डिजिटल ऋण के आँकड़े भारतीय डिजिटल ऋण कहानी पर निवेशकों के विश्वास को दर्शाते है। यह विश्वास है कि आगे चलकर, आरबीआई की नियामक निगरानी के तहत डिजिटल ऋण फिनटेक क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देगा।आरबीआई की पर्यवेक्षी संरचना की चपलता, लचीलेपन और विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन भी लागू किए गए हैं।बैंक की पर्यवेक्षी प्रणालियों को भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ वित्तीय क्षेत्र की गतिशीलता के अनुरूप ढालने के लिए पुन- व्यवस्थित किया गया है ताकि संभावित संकटों को पहले ही भांपा जा सके। ऑन-साइट पर्यवेक्षी संलग्नता की आवृत्ति और तीव्रता अब संस्थानों के आकार के साथ-साथ जोखिम पर भी आधारित है।दास ने कहा कि ये निरीक्षण भी अधिक गहन और निरंतर हो गए हैं। आरबीआई ने वरिष्ठ प्रबंधन के साथ भी अपना जुड़ाव मजबूत किया है।उन्होंने कहा, हमने संभावित और उभरते जोखिमों को पकड़ने के लिए पर्यवेक्षी मैक्रो और माइक्रो डेटा एनालिटिक्स को काफी मजबूत किया है। हम बैंकों और अन्य ऋण देने के व्यवसाय मॉडल में गहराई से उतरते हैं।दास ने कहा कि आरबीआई एक अन्य क्षेत्र साइबर सुरक्षा जोखिम पर भी करीबी नजर बनाए हुए है।आरबीआई गवर्नर ने कहा, यद्यपि बैंकिंग में आईटी को अपनाने के स्पष्ट लाभ हैं, लेकिन संबंधित जोखिमों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने की आवश्यकता है। हमारी विनियमित और पर्यवेक्षित संस्थाओं के विविधीकरण और जटिलता स्तरों को ध्यान में रखते हुए, हमने विभिन्न संस्थाओं के लिए अलग-अलग साइबर सुरक्षा बेसलाइन नियंत्रण ढांचे जारी किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली में एनपीए में भारी कमी आने के साथ एक उल्लेखनीय बदलाव आया है।

# 2024 में कई किरदारों के साथ एक्सेपरिमेंट करूंगा : आयुष्मान

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने कहा कि वह कई शैलियों के साथ एक्सपेरिमेंट करेंगे और 2024 में अपने दर्शकों के लिए थियेट्रिकल हीरो के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेंगे।आयुष्मान ने कहा, मैं 2024 में कई शैलियों के साथ एक्सेपरिमेंट करने जा रहा हूं।

मेरी फिल्मों की सूची हमेशा की तरह बेहद विविध होगी और यह पूरी तरह से दर्शकों को गुणवत्तापूर्ण थियेट्रिकल अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित होगी। मैं वर्तमान में कुछ दिलचस्प फिल्में लॉक कर रहा हूं, जिन्हें लोग सिनेमाघरों में पूरे परिवार के साथ देखना पसंद करेंगे।उन्होंने आगे कहा, एक एंटरटेनर के रूप में कम्युनिटी को बेहतर एक्सपीरियंस प्रदान करना हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। मेरी फिल्मों का अगला सेट एक दर्शक के रूप में मेरी थियेट्रिकल कंटेंट की पसंद को रिफ्लेक्ट करेगा। मैंने हमेशा उन मूवीज को ध्यान में रखते हुए अपनी फिल्में चुनी हैं जिन्हें मैं सिनेमाघरों में देखना पसंद करूंगा।आयुष्मान के पास पहले से ही कई प्रोजेक्ट हैं लेकिन उन्होंने विस्तार से जानकारी नहीं दी है क्योंकि इन फिल्मों की घोषणा व्यक्तिगत रूप से करने की योजना है।उन्होंने कहा, 2024 में मैं और भी अधिक अपने मन की बात सुनूंगा।मैं आप सभी के साथ अपनी लाइनअप साझा करने के लिए रोमांचित हूं और इसका खुलासा उचित समय पर किया जाएगा क्योंकि इनमें से प्रत्येक फिल्म एक बड़ी घोषणा की हकदार है।

# कृति ने महेश बाबू के साथ तस्वीर साझा की

एक्ट्रेस कृति सेनन, जिन्हें अब से पहले गणपत - ए हीरो इज बॉर्न में देखा गया था, ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक दशक पूरा कर लिया है। उनकी फिल्म 1 - नेनोक्कडीने ने बुधवार को अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए।1 - नेनोक्कडीने में कृति ने तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के साथ एक्टिंग की थी। एक्ट्रेस हाल ही में महेश बाबू से मिलीं, जिससे उनके पिछली पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फैंस पर अमिट छाप छोड़ी, और रियूनियन ने दोनों अभिनेताओं और उनके फैंस के बीच इमोशन्स को जगाया है। मिटिंग में कृति के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया गया।एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, मेरी पहली फिल्म को 10 साल हो गए हैं। मेरे पहले को-स्टार महेश बाबू के साथ मेरी पहली तेलुगु फिल्म!! मेरे दिल में इतनी सारी यादें और इतना आभार! कई सालों के बाद आपसे दोबारा मिलना कितना प्यारा और शानदार अनुभव है! बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन, यह अभी भी वैसा ही है।उन्होंने महेश और उनकी पत्नी के साथ एक और तस्वीर अपलोड की और लिखा- 1 - नेनोक्कडीने के 10 साल पूरे होने पर मुबारक! विश्वास नहीं हो रहा कि एक दशक हो गया!!

वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति के पास शाहिद कपूर के साथ एक अनटाइटल फिल्म है, जिसकी घोषणा वह बुधवार को करेंगी। उनके पास पाइपलाइन में द क्रू भी है, जिसमें वह करीना कपूर और तब्बू के साथ नजर आएंगी और उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म दो पत्ती भी है।

# बेटी ने पूरा किया पिता का सपना, सिविल जज बनी प्रीति

**कोरबा/नवप्रदेश।** जिले की होनहार युवा प्रीति पालीवाल ने कड़ी मेहनत और लंबे संघर्ष के बाद वह पा लिया, जिसका सपना वर्षों पहले उनके पिता ने देखा था। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रीति सिविल जज बन गई हैं।

कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाती है। इस बात को जिले की बेटी प्रीति ने साबित कर दिखाया है। जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य, पब्लिक नोटरी, वरिष्ठ अधिवक्ता और पत्रकार राजेंद्र कुमार पालीवाल की पुत्री प्रीति ने कड़ी मेहनत कर सफलता पाई है। व्यवहार न्यायाधीश का गौरवपूर्ण ओहदा हासिल कर आज वह युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। प्रीति ने पूरे प्रदेश में सिविल जज एग्जाम में 48वां रैंक हासिल किया है। अपने संघर्ष के दिनों को

याद करते हुए 43 वर्षीय प्रीति कहती हैं कि थोड़ा वक्त लगा, कभी-कभी थोड़ा डर लगता था, लेकिन खुद पर भरोसा इतना था कि आखिर मंजिल मिल ही गई। जज बनने की प्रेरणा उन्हें अपने अधिवक्ता पिता से मिली, जिनके सतत प्रोत्साहन ने उन्हें सही रास्ता दिखाया और इस मुकाम पर पहुंचने में मदद की। उन्होंने न केवल अपने पिता के सपने को पूरा किया, बल्कि अपनी इस उपलब्धि से समूचे कोरबा जिले के लिए भी गौरव हासिल किया है।

### धैर्य और लक्ष्य पर फोकस ही आपकी ताकत हैः प्रीति

प्रीति ने कहा कि अगर आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग हैं, तो यही धैर्य और खुद को फोकस रखने का हुनर ही काम आता है, जो आपकी ताकत बनता है। बेहिसाब असफलताओं के बीच इस एक सफलता का इंतजार कभी आपको रुकने नहीं देता। अपनी सफलता का मंत्र बताते हुए सिविल जज (व्यवहार न्यायाधीश) और अन्य प्रतियोगी परीक्षा में चयन होने के लिए कुछ टिप्स भी युवाओं को दिए हैं। प्रीति कहती हैं कि निष्ठा और खुद के प्रति ईमानदार रहें, तो सफलता हासिल कर सकते हैं। इंटरनेट में मिलने वाली सामग्री का बेहतर प्रयोग कर अपनी दक्षता बढ़ा सकते हैं।

# सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

## रिफर सेंटर बना अस्पताल

**बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश।** बलौदाबाज़ार में सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के वजह से अस्पताल के नाम पर रिफर सेंटर बना हुआ है। जिले में लगभग 50 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। जिनमें से सिर्फ 15 डॉक्टर ही कार्यरत है। जो स्वीकृत पद के केवल 30 प्रतिशत ही है। इनमें से ज्यादातर डॉक्टर अपना प्राइवेट अस्पताल चला रहे हैं। जो मरीज सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचते हे, उन्हें ये डॉक्टर्स अपने निजी अस्पताल में आने की सलाह देते हैं।

### मरीज दर-दर भटकते हैं...

लगभग 30 प्रतिशत डॉक्टरों के भरोसे ही जिले की स्वास्थ व्यवस्था की डोर है। मरीज के परिजन जैसे-तैसे प्राइवेट गाड़ी या 108 की मदद से जिला चिकित्सालय बड़ी उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। लेकिन यहां डॉक्टरों की कमी के चलते प्राथमिक उपचार के अलावा और कोई इलाज संभव नहीं हो पाता। जिले के इस सबसे बडे शासकीय अस्पताल में सर्जरी के लिए एक भी डॉक्टर नहीं है, ऐसे में इमरजेंसी केस आने पर यहां के डॉक्टर पर्ची बनाकर सीधे मेकाहारा रेफर कर देते हैं। गंभीर मरीज को तत्काल इलाज की आवश्यकता होती है, ऐसे में मेकॉहारा न जाकर शहर के महंगे निजी अस्पतालों में मरीज को ले जाना गरीब परिवार वालों की मजबूरी बन जाती है। यहां करीब 300 मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। सर्दी-खांसी आदि का इलाज तो हो जाता है, लेकिन गंभीर बीमारियों और आपात चिकित्सा के लिए यहां व्यवस्था नहीं है। जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों में 50 में केवल 15 कार्यरत है।

### जिला अस्पताल में सर्जन डॉक्टर नहीं

बता दें, 150 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल में सर्जन डॉक्टर तक नहीं है। भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन और निश्चेतना के चिकित्सक नहीं है। 5 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त है। कसडोल में 6 विशेषज्ञ डॉक्टर के पद में से 4 खाली है। सिमगा में 5 विशेषज्ञ डॉक्टर के पद में सभी रिक्त है। सुहेला में 6 विशेषज्ञ डॉक्टर के 6 पद रिक्त है। पलारी में 5 विशेषज्ञ डॉक्टर के 5 पद रिक्त है। वहीं भाटापारा में 7 विशेषज्ञ डॉक्टर स्वीकृत पदों पर 4 रिक्त है।

# धनगांव से अवैध रेत परिवहन करते 2 हाईवा और एक टिपर जब्त

**कोरबा/नवप्रदेश।** कोरबा जिला के अजगरबहार क्षेत्र धनगांव से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करते दो हाइवा और एक टिपर को खनिज विभाग के टीम ने जब्त की है। अवैध रेत लोड वाहनों की जब्ती के बाद रेत तस्करों में हड़कंप मच गई है।

बता दें कि भाजपा नेता की शह पर चल रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर माइनिंग डिपार्टमेंट में शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सूत्र बताते है कि अजगरबहार क्षेत्र के धनगांव से अवैध रूप से रेत निकालकर बालको के रूङ्ग कंपनी में रेत खपाने की सूचना पर खनिज विभाग टीम ने कार्रवाई करते हुए रेत लोड 2 हाइवा और एक टिपर को जब्त किया है।

बताते चले ये रेत तस्कर चुइया में खुलने वाले रेत घाट का विरोध कराने के लिए ग्रामीणों को अपना मोहरा बना रहे है क्योंकि वैध रेत घाट खुलने अवैध तस्करी की काली कमाई की दुकानदारी पर संकट गहराता दिख रहा है। माइनिंग की कार्रवाई के बाद अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### टिपर एक कांग्रेसी पार्षद का

अवैध रेत परिवहन करते पकड़े गए एक टिपर बांकी मोगरा के एक पार्षद का बताया जा रहा है। बालको में रेत सप्लाई के लिए एक सिंडीकेट बनाकर काम किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने कहा- वक्त पर लगे स्कूल, बख्शे न जाएं नदारद शिक्षक

- कलेक्टर अजीत वसंत ने डीईओ, आदिवासी विभाग के अफसरों को दिए निर्देश

**कोरबा/नवप्रदेश।** कलेक्टर अजीत वसंत ने सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा ठीक करने की अपनी मंशा स्पष्ट करते हुए गुरुवार को एक जरूरी बैठक ली। उन्होंने कहा कि अफसर सुनिश्चित करें, स्कूल समय पर लग रहा है या नहीं। शिक्षक अगर नदारद मिलें तो सख्ती से पेश आएं और त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने हॉस्टल अधीक्षकों को भी अपनी संस्था के विद्यार्थियों की शिक्षा-दीक्षा की कमान संभालते हुए कक्षाएं लेने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर अजीत वसंत ने गुरुवार को शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खेल व युवा कल्याण विभाग सहित परियोजना अधिकारी, साक्षर भारत, समग्र शिक्षा और विकासखंड शिक्षा अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज को निर्देशित किया कि जिले में सभी स्कूलों का संचालन समय-सारिणी के अनुरूप हो। बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्होंने जिले में शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तामूलक बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने शैक्षणिक संस्थान अन्तर्गत निमार्णाधीन कार्यो समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीईओ को निर्देशित किया कि जिले में जहां भी अतिशेष शिक्षक हैं, उनका समायोजन अन्य विद्यालयों में किया जाए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के अंतर्गत 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगारों को स्कूलों में अध्यापन के लिए अतिथि शिक्षक के रूप में रखें। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के वितरण को नियमित करने कहा। अधिकारियों को जिले में शिक्षा के स्तर और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने और नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी, डीएमसी मनोज पांडेय, खेल अधिकारी उपस्थित थे।

### तय मानकों के अनुसार करें छात्रावासों की व्यवस्था

कलेक्टर ने जिले के सभी आश्रम तथा छात्रावासों का संचालन व्यवस्थित तथा शासन के निर्धारित मानकों के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आश्रम तथा छात्रावासों में नियमित साफ-सफाई, मेनू अनुसार भोजन तथा समय पर खेल, अध्यापन व अन्य गतिविधियां संचालित हों। उन्होंने अधीक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कम से कम दो पीरिएड पढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# अटेंडेंस कम होने पर एमबीबीएस के छात्रों को परीक्षा से किया वंचित, नाराज छात्रों ने की जांच की मांग

**बस्तर/नवप्रदेश।** बस्तर में मौजूद सबसे बड़ा मेडिकल कॉलेज एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है. जगदलपुर के डिमरापाल में स्थित स्वर्गीय बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज के 45 छात्रों ने कॉलेज के डीन और एचओडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.

दरअसल छात्रों ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष के 45 छात्रों को परीक्षा से वंचित करने पर डीन और एचओडी पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है और मुख्य सतर्कता अधिकारी नई दिल्ली को पत्र लिखकर इस मामले की जांच करने की मांग की है. साथ ही प्रदेश के स्वास्थ मंत्री को भी पत्र लिखकर मामले की जांच पूरी होते तक आगामी 16 जनवरी को होने वाले एमबीबीएस तृतीय वर्ष की परीक्षा स्थगित करने की मांग की है. दरअसल छात्रों का आरोप है कि एमबीबीएस तृतीय वर्ष के 45 छात्र-छात्राओं को अपात्र घोषित कर परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया है. वही इस कॉलेज के डीन और एचओडी ने अपने लोगों को उपकृत करते हुए कम अंक लाने वाले अपात्र छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है, जो कि सरासर गलत है.

जगदलपुर मेडिकल कॉलेज के डीन द्वारा कॉलेज के 45 छात्रों को एमबीबीएस तृतीय भाग -1 के मुख्य परीक्षा में अपात्र घोषित कर आगामी 16 जनवरी की परीक्षा से वंचित कर दिया गया है. उक्त परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के चयन में एनएमसी द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी कर अपने कृपापात्र छात्रों को ही परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है, जो पूर्णतः धांधली युक्त और तानाशाही कृत्य है.

### अपात्र छात्रों को परीक्षा में बैठाने का छात्र कर रहे विरोध

आगामी 16 जनवरी को होने वाले एमबीबीएस तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा से वंचित होने वाले छात्रों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज का नियम है कि परीक्षार्थियों को पिछली परीक्षा में 50% अंक और 50% उपस्थिति अनिवार्य है. इन दोनों में सफल छात्र-छात्राओं को अगली परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती है. इसके आधार पर ही एमबीबीएस तृतीय वर्ष के 45 छात्र-छात्रो को परीक्षा से वंचित किया गया है. वहीं दूसरी ओर 20% अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है. इसकी पूरे प्रदेश भर के मेडिकल छात्र-छात्रों में जबरदस्त आक्रोश है.

# नक्सल इलाके के 300 ड्राप आउट बच्चे फिर पढ़ाई से जुड़े, पुलिस ने भरवाए फॉर्म, फीस का किया इंतजाम

**कबीरधाम/नवप्रदेश।** कबीरधाम (कवर्धा) जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ड्रॉप आउट बच्चे युवा एक बार फिर पढ़ाई से जुड़ गए हैं. कबीरधाम पुलिस ने जिले के विभिन्न इलाकों का सर्वे कर ऐसे 300 बच्चों को चिन्हांकित किया, इन सभी का 309030 रुपए परीक्षा फॉर्म के लिए जमा करवाया . गुरुवार को एसपी ऑफिस में ये सारे युवा पहुंचे थे. जिन्हें स्क्र डॉ अभिषेक पल्लव ने पढ़ाई से फिर से जुड़ने की बधाई देते हुए खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी. युवा दिवस के मौके पर पुलिस ने इन युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद एकेडमी भी खोली है. दरअसल ये सभी ऐसे युवा हैं, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ दी थी. अब ये सभी 10वीं -12 वीं कक्षा की परीक्षा दिला पाएंगे.

**खुद पहुंच ड्रॉप आउट बच्चों को कर रहे जागरूक:** कबीरधाम के SP डॉ. अभिषेक पल्लव सुदूर वनांचल क्षेत्र में पहुंचकर पढ़ाई छोड़ चुके, शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा देने के लिए जागरुक कर रहे हैं. इसके साथ ही बच्चों को कोंचिग के जरिए से निःशुल्क पढ़ाई भी कराई जा रही है. इसके साथ ही बच्चों को पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करा रहे है.इनमें कई महिलाएं ऐसी हैं जिनकी शादी होने के बाद पढ़ाई छोड़ना पड़ा था और वे पढ़ना चाह रही हैं. स्कूल या कोचिंग सेंटर तक पहुंचने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा वनांचल के शिक्षित युवाओं के माध्यम से ही नक्सल प्रभावित गांवों के विद्यार्थियों को कोचिंग के माध्यम से शिक्षा दिलाई जाएगी. इनमें अधिकांश विद्यार्थी वनांचल इलाके के गरीब परिवारों से हैं.

**विवेकानंद एकेडमी बनाई, संवारेंगे भविष्य-** एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बातचीत में बताया कि पढ़ाई छोड़ चुके और बेरोजगार बच्चों को नक्सली में शामिल करने की फिराक में रहते हैं. ऐसे में हमने तय किया कि ऐसे बच्चों को ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें फिर से पढ़ाई से जोड़ें. सबसे ज्यादा उन इलाकों में फोकस किया जो नक्सल प्रभावित, वनांचल क्षेत्र हैं. 300 से ज्यादा ड्राप आउट बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ा गया है. इनके लिए एक एकेडमी बनाई गई है, जिसका नाम स्वामी विवेकाकंद एकेडमी रखा गया है.

# बिना पर्ची न बिके प्रतिबंधित दवाएं कैमिस्ट-फार्मासिस्ट रखें ध्यान

**कोरबा/नवप्रदेश।** पुलिस डिपार्टमेंट ने बुधवार को जिले के दवा विक्रेताओं और मेडिकल स्टोर्स संचालकों की अहम बैठक ली। नशे के विरुद्ध अपने अभियान को अगले लेवल पर ले जाते हुए पुलिस द्वारा ड्रगिस्ट, कैमिस्ट और फार्मासिस्ट को जोड़ा गया। इस दौरान उनसे अपील की गई कि नशे के अवैध इस्तेमाल के लिए उन दवाओं की बिक्री बिना डॉक्टरी पर्ची के बिलकुल न हो, जिन्हें प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है, ताकि समाज में फैले नशे की बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की अगुआई में राज्य में अवैध नशे पर प्रभावी कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब, गांजा या अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर अजय यादव व पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का द्वारा यह बैठक ली गई। एसपी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में जिले के दवा दुकान संचालक व फ़ार्मासिस्ट से चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दवा दुकान संचालकों से अपील की है कि ऐसी दवाइयां, जो नशे के लिए उपयोग में लाई जाती हैं।

### नार्कोटिक्स श्रेणी की इन दवाओं से होता है नशा

नार्कोटिक्स श्रेणी की दवाईयां जैसे नाइट्राजेपम, अल्प्राजोलम, क्लोनाजेपम, स्पास्मो प्रॉक्सीवॉन, नाइट्रावेट, एटिज़ोलम, कोरेक्स एवं अन्य इंजेक्शन या सिरप, टेबलेट को खाने से नींद या नशा महसूस होता है। उन दवाइयों का गलत उपयोग ना हो, उसे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। फार्मासिस्ट और दवाई दुकान संचालकों ने बताया कि सभी प्रकार की दवा बिक्री का रिकॉर्ड उनके पास होता है। साथ ही पुलिस के इस अवैध नशा के खिलाफ मुहिम में पूरा सहयोग प्रदान करने की सहमति दी।

# छात्र पर जान लेवा हमला, गैंग ने कटर से किया संघातक वार

**भिलाई/नवप्रदेश।** सेक्टर-10 स्थित श्री शंकरा विद्यालय गेट से कुछ दूरी पर एक छात्र को कुछ युवकों ने रोका और पुरानी रंजिश को लेकर उससे मारपीट करने लगे। छात्र पर कटर से कातिलाना हमला कर आरोपी भाग निकले। घायल 12वीं के छात्र को गंभीर अवस्था में रायपुर के रामकृष्ण केयर हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। बीती दोपहर घटी इस वारदात की सूचना पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने कहा और कल रात हास्पिटल पहुंच घायल छात्र और उसके परिजनों से मुलाकात की। देर रात तक इस घटना को कारित करने वाले आरोपियों को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विधायक श्री सेन ने बताया कि घायल छात्र को रात 11 बजे आईसीयू से सेमी आईसीयू शिफ्ट किया गया है। छात्र एक अच्छा वेटलिफ्टर भी है, मैंने चिकित्सकों से बात की है छात्र की हालत में सुधार है, हाथ और पेट में गंभीर वार किया गया है जिसका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-2 निवासी कक्षा 12वीं कामर्स का छात्र आदित्य कोठारी का बीती दोपहर श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 से ईकोनोमिक्स का एग्जाम देने से पूर्व लंच टाईम में कक्षा 9वीं के छात्र से विवाद हो गया। इसी बात पर उस छात्र ने लगभग डेढ़ बजे स्कूल के गेट के बाहर अपने भाई सहित कुछ लड़कों को बुला लिया।

# नवजात शिशु के खरीद-फरोख्त मामले में नर्स पर अपराध दर्ज

**सुकमा/नवप्रदेश।** जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां पदस्थ एक नर्स पर यह गंभीर आरोप लगने के बाद पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

सूत्रों की माने तो सुकमा जिला अस्पताल में कार्यरत नियमित स्टाफ नर्स के द्वारा ग्रामीण महिला के बच्चे का सौदा किया गया है। बच्चा खरीदने वाला युवक नवजात को लेकर क्षेत्र से निकल चुका है। बताया जा रहा है कि सुकमा जिले के अंदरूनी इलाकों से रोजाना कई गर्भवती महिलाओं को डिलवरी के लिए जिला अस्पताल सुकमा लाया जाता है। साथ ही कई ऐसी भी युवतियां या महिलाएं भी आती है जो शादी से पहले गर्भवती हो चुकी होती है। ऐसे में जिला अस्पताल में काम करने वाली एक नियमित रूप से पदस्थ स्टाफ नर्स के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनको पैसे देकर उन बच्चों को ूसरो को बेच देती थी, यह मामला कई महीनों से चला आ रहा था, स्टाफ नर्स के द्वारा इससे पूर्व भी कुछ बच्चों को बेचने का आरोप भी सामने आया, जिसके बाद स्टाफ नर्स के हौसले काफी बुलंद हो चुके थे। इसी दौरान कुछ दिन पहले एक ग्रामीण महिला ने बालक बच्चे को जन्म दिया, जिसकी जानकारी स्टाफ नर्स को लगी। और उसने बच्चे को दूसरे लोगों को 30 हजार में बेच दिया।